

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 141

ग्वालियर, मंगलवार, 8 फरवरी, 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

# प्रमाण के बिना पत्नी पर चारित्रिक पतन का आरोप लगाना गलत : दिल्ली कोर्ट

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में एक कोर्ट ने एक शख्स को अपनी पत्नी पर चारित्रिक पतन का आरोप लगाना काफी भारी पड़ गया। अदालत ने बगैर सबूत पति के आरोप लगाने पर पत्नी को कहा कि वह पति के खिलाफ मानहानि का मामला दायर कर सकती है। अदालत ने कहा कि एक तो पत्नी पहले से पीड़ित है। उस पर पति का महिला की प्रतिष्ठा पर कीचड़ उछालना बेहद आपत्तिजनक कृत्य की श्रेणी में आता है। कड़कड़डूमा कोर्ट स्थित अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश रविन्द्र बेदी की अदालत ने अपने फैसले में कहा कि किसी भी महिला पर चरित्रहीनता का आरोप लगाना आम चलन हो गया है और जब यह आरोप पति द्वारा लगाया जाता है तो इसकी पीड़ा पत्नी को किस कदर तोड़ती है, इसका अंदाजा वही लगा सकती है। अदालत ने यह भी कहा कि जो मामला अदालत के समक्ष आया है उसमें पति पूरी तरह से गलत पाया गया है, लेकिन उसने अदालत में खड़े होकर पत्नी के उसके किसी रिश्तेदार से अवैध संबंध होने का आरोप लगाते हुए संकोच नहीं किया, जबकि साक्ष्य मांगे जाने पर वह जवाब नहीं दे पाया।




अदालत पहुंचने वाले इस दंपति ने वर्ष 2017 में अंतरजातीय विवाह किया था। जानकारी के अनुसार, जिस समय इनकी शादी हुई थी, महिला एक बड़ी कंपनी में कार्यरत थी। पति अभी जिस मकान में रह रहा है, उसे महिला ने शादी से पहले ही किस्तों पर खरीदा हुआ था। उस समय पति बेरोजगार था। शादी के बाद पति-पत्नी के साथ उसके ही मकान में आकर रहने लगा, लेकिन इनके संबंध एक साल भी अच्छे से नहीं चले। इसके चलते पत्नी गुस्से में अपने माता-पिता के पास चली गई थी। पति ने न सिर्फ मकान को अपना बताया, बल्कि पत्नी पर झूठे आरोप लगाए, लेकिन वह इसे साबित न कर सका। पिछले साढ़े तीन साल से पति-पत्नी के मकान पर जबरन कब्जा किए बैठा है। वहीं, पत्नी अपने परिजनों के साथ रह रही है। दरअसल, वर्ष 2018 में पत्नी गुस्से में घर से चली गई थी तब से पति उस मकान में रह रहा है, जबकि यह मकान न सिर्फ पत्नी के नाम पर है बल्कि इसकी किस्तें भी वही भर रही है। अदालत ने तमाम दस्तावेज देखने के बाद पति को निर्देश दिए हैं कि 30 दिन के भीतर वह पत्नी के मकान को खाली कर दे, जबकि पति इस मकान को अपना बताते हुए अदालत में आया था, लेकिन इस संबंध में वह कोई दस्तावेज पेश नहीं कर पाया। वहीं, पत्नी ने मासिक किस्त बैंक को देने के साक्ष्य पेश किए हैं।

### कांग्रेस 100 साल तक सत्ता में नहीं आना चाहती

# हारने के बाद भी मगरूर है; संसद में PM मोदी ने खूब कसे तंज

**नई दिल्ली।** संसद में सोमवार को पीएम नरेंद्र मोदी अपने ही अंदाज में नजर आए। उन्होंने कांग्रेस और विपक्षी दलों पर तीखे कटाक्ष किए। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भी बहुत से लोगों की सुई 2014 पर ही अटकी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के रवैये से ऐसा लगता है कि वे अगले 100 साल तक सत्ता में नहीं आना चाहते। आपने ही जब ऐसी तैयारी कर ली है तो फिर हमने भी कर रखी है। कांग्रेस पर बरसते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 1994 में आप गोवा में पूर्ण बहुमत से जीते थे। 28 साल हो गए आपको गोवा ने स्वीकार नहीं किया।

पीएम मोदी ने कहा कि इसी तरह बीते तीन दशकों से आप त्रिपुरा से नहीं जीते हैं। बंगाल में 1972 में आपको पसंद किया था। यूपी और बिहार में 1989 के बाद से लोगों ने आपको पसंद नहीं किया है। तमिलनाडु के लोगों ने 1962 में यानी आपको 60 साल पहले मौका दिया था। तेलंगाना के गठन का आप श्रेय लेते हैं, लेकिन वहां की जनता ने आपको स्वीकार नहीं किया। झारखंड को बने 20 साल से ज्यादा हो गए, लेकिन कांग्रेस वहां चोर दरवाजे से ही सत्ता में रहती है। उन्होंने कहा कि सवाल चुनाव का नहीं है बल्कि नेक नीयती का है। जहां भी लोगों ने सही राह पकड़ ली है, वहां आप लौट नहीं पाए। हम एक चुनाव हार जाएं तो महीनों चिंतन चलता है। लेकिन आप इतने चुनाव हार गए, फिर भी न तो आपका अहंकार जाता है और न ही आपका ईको सिस्टम ऐसा करने देता है। शायराना अंदाज में पीएम मोदी ने कहा, %वे दिन को रात कहो तो तुरंत मान जो, नहीं मानोगे तो वे दिन में नकाब ओढ़ लेंगे। जरूर हुई तो हकीकत को थोड़ा बहुत मरोड़ लेंगे। वो मगरूर हैं खुद की समझ पर बेइंतहां, उन्हें आईना मत दिखाओ, वे आईने को भी तोड़ देंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी के 75 वर्ष में आज देश अमृत महोत्सव मना रहा है। आजादी की इस लड़ाई में जिन-जिन लोगों ने योगदान दिया, वे किसी दल से थे या नहीं। उन सबसे परे उठकर देश के लिए जीने वाले और जवानी खपाने वाले लोगों को स्मरण करने का यह अवसर है। उनके सपनों को याद करते हुए कुछ संकल्प लेने का अवसर है। हम सभी संस्कार, स्वभाव और व्यवस्था से लोकतंत्र के लिए प्रतिबद्ध लोग हैं। यह सही है कि आलोचना



### कांग्रेस ने तो हद ही कर दी, कोरोना टीकों पर भी हुई राजनीति

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि मानवता 100 साल का सबसे बड़ा संकट झेल रही है। जिन लोगों ने अतीत के आधार पर ही भारत का आकलन किया, उन्हें लगता था कि भारत यह लड़ाई लड़ पाएगा। भारत खुद को बचा नहीं पाएगा, लेकिन आज स्थिति क्या है। मेड इन इंडिया कोविड टीके दुनिया में सबसे ज्यादा प्रभावी हैं। आज भारत शत-प्रतिशत पहली डोज के निकट पहुंच रहा है। लगभग 80 फीसदी सेकेंड डोज का भी पड़ाव पूरा कर लिया है। कोरोना एक वैश्विक महामारी थी, लेकिन उसे भी दलगत राजनीति के लिए उपयोग में लाया जाए तो क्या यह मानवता के लिए सही है।

### कांग्रेस के विरोध पर मोदी बोले- मैंने तो किसी का नाम नहीं लिया

पीएम मोदी की कोरोना को लेकर टिप्पणी पर कांग्रेस ने जब विरोध किया तो पीएम मोदी ने कहा कि मैंने किसी का नाम नहीं लिया। लेकिन अब नाम लेकर कहता हूं कि कांग्रेस ने तो हद कर दी। पहली लहर के दौरान जब देश लॉकडाउन का पालन कर रहा था और दुनिया कह रही थी कि जो जहां है वहीं रुकें। तब कांग्रेस के लोगों ने मुंबई के रेलवे स्टेशन पर खड़े होकर लोगों को प्रोत्साहित किया कि वे शहर से निकलें। लोगों को प्रेरित किया गया कि महाराष्ट्र में हमारे ऊपर जो बोझ है, वह थोड़ा कम हो। आप जहां के भी हैं, वहां जाकर कोरोना फैलाओ।

### केजरीवाल सरकार ने तो माइक लगाकर कहा कि निकल जाएं लोग

दिल्ली की आप सरकार भी तंज कसते हुए पीएम मोदी ने कहा कि उन्होंने तो गाड़ियों पर माइक बांधकर लोगों से कहा कि आप लोग निकल जाएं। इसके चलते यूपी, उत्तराखंड और पंजाब में जहां कोरोना की तीव्रता नहीं थी, वहां भी कोरोना ने लोगों को अपने लपेटे में ले लिया है। यह कैसी राजनीति है, जिसने मानव जाति पर आए संकट में भी मौका नहीं गंवाया। कांग्रेस के आचरण से मैं ही नहीं बल्कि पूरा देश अचंभित है। कुछ लोगों ने जिस तरह से व्यवहार किया, उससे यह सवाल खड़ा होता है कि क्या यह देश और उसके लोग आपके नहीं हैं।

## प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, रोजगार के लिए 500 करोड़, वर्किंग वुमेन हास्टल बनने का वादा

**पणजी।** गोवा में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राजनीतिक दल मतदाताओं को लुभाने में लगे हैं।इसी कड़ी में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अगर हमारी सरकार बनती है,तब महिलाओं को तमाम सरकारी रोजगार में 30 फीसदी आपको मिलेगा। मारगांव में वर्किंग वुमेन हास्टल बनाए जाएंगे।गोवा में जब से यह सरकार आई हैं, तब से महिलाओं के प्रति अपराध 24 फीसदी बढ़ा है।इसके बाद इन्हें रोकने के लिए महिला पुलिस स्टेशनों को बढ़ाया जाएगा। स्वयं सहायत ग्रुप चलाने वालों को एक लाख रुपए तक की सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि गोवा का प्रत्येक नागरिक स्वास्थ्य बीमा का लाभ उठा पाएगा। रोजगार पैदा करने के लिए बजट में 500 करोड़ रुपए दिलाए जाएंगे।गोवा स्टॉफ सलेक्शन कमीशन की स्थापना होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जब गोवा के लिए नीतियां बनाएगी उस आप लोगों की सहमति के बिना नहीं बनेगी।



## हमारी अपील है कि ओवैसी जेड सिक्योरिटी लें : अमित शाह

**नई दिल्ली।** सांसद असदुद्दीन ओवैसी पर यूपी के हापुड़ जिले में हुए हमले को लेकर अमित शाह ने विस्तार से जानकारी दी है। अमित शाह ने कहा कि ओवैसी को खतरे की एक बार फिर से समीक्षा की गई है। उन्हें बुलेटप्रूफ कार और जेड कैटिगरी की सुरक्षा मुहैया कराई गई है। लेकिन उन्होंने इस सिक्योरिटी को लेने से इनकार कर दिया है। हमारी अपील है कि इस सुरक्षा को ले लें। अमित शाह ने कहा, %ओवैसी को खतरे की पुनर्समीक्षा की गई है। उन्हें बुलेटप्रूफ गाड़ी दी गई है और जेड कैटिगरी की सुरक्षा दी गई है। अब तक उन्होंने इस सुरक्षा को स्वीकार नहीं किया है। हमारी अपील है कि वे इसे ले लें। अमित शाह ने कहा कि ओवैसी पर हुए हमले की होम मिनिस्ट्री ने तत्काल राज्य सरकार से रिपोर्ट ली थी। शुरुआती इनपुट्स के मुताबिक उन्हें केंद्र सरकार की ओर से सुरक्षा दी गई थी। लेकिन उनके इनकार के चलते दिल्ली और तेलंगाना पुलिस की ओर से उन्हें सुरक्षा देने का मकसद पूरा नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि इस घटना के बाद तत्काल ऐक्शन लिया गया और दो आरोपियों को अरेस्ट किया गया। इन लोगों के पास से दो अवैध पिस्तौल बरामद की गई हैं। एक ऑल्टो कार भी मिली है। फॉरेंसिक टीम की ओर से कार और घटनास्थल की जांच की गई है। सभी सबूतों को कलेक्ट कर लिया गया है।



## खास खबर

### हिमस्खलन में फंसे सात जवान, तलाशी अभियान जारी


**नई दिल्ली।** अरुणाचल प्रदेश के कामेंग सेक्टर में गश्ती दल के हिमस्खलन की चपेट में आने से सेना के सात जवान लापता हैं।इसके लिए रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। रक्षा जनसंपर्क अधिकारी ने कहा, वर्तमान में खोज और बचाव अभियान चल रहा है। बचाव कार्यों में सहायता के लिए विशेष टीमों को एयरलिफ्ट किया गया है। क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से भारी बर्फबारी के साथ खराब मौसम देखा जा रहा है। विरल आबादी वाला, वनाच्छादित कामेंग सेक्टर 14,000 फीट से अधिक की ऊंचाई पर स्थित है और भूटान और चीन की सीमा में है। घटना रविवार को कामेंग सेक्टर के ऊंचाई वाले इलाके में हुई। सेना ने खोज और बचाव दल को घटनास्थल पर भेजकर लापता कर्मियों का पता लगाने के लिए अभियान जारी है। सेना ने कहा कि क्षेत्र में पिछले कई दिनों से भारी बर्फबारी के साथ खराब मौसम की सूचना मिल रही है।

### राम रहीम को फरलो मिलने कानूनी और प्रशासनिक प्रक्रिया : मुख्यमंत्री

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल खटटर ने राम रहीम को फरलो मिलने पर कहा कि कुछ चीजें हमारे सिस्टम, हमारे कानून और संविधान के हिसाब से चलती हैं।ये कानूनी और प्रशासनिक प्रक्रिया है। फरलो किसी भी आम कैदी का अधिकार है। इसका चुनाव से कोई संबंध नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास कार्यों की वजह से 2014 के बाद से बीजेपी का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है।हरियाणा में भी पिछले साढ़े सात सालों में हमारी सरकार सबके विकास को ध्यान में रखकर काम कर रही है। इससे पहले राम रहीम को अलग-अलग कारणों के चलते पैराल मिली मगर फरलो पहली बार मिली है। वह भी 21 दिन की। राम रहीम को फरलो देने को लेकर कई चीजों से जोड़कर देखा जा रहा है। उधर, राम रहीम को फरलो की खबर सुनकर सिरसा डेरे में भी अनुयायियों का जुड़ना शुरू हो गया है। पंजाब में चुनाव भी हैं,तब राम रहीम के बाहर आने के चलते चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

### अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली में भी प्रचार नहीं करेंगी सोनिया गांधी

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में अपने आधार को मजबूत करने कांग्रेस कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस लगातार उत्तर प्रदेश में मजबूती से चुनाव लड़ने की कोशिश में है। कांग्रेस महिला सशक्तिकरण को बड़ा मुद्दा बनाकर चुनावी मैदान में है। कांग्रेस की ओर से भी लगातार प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। खुद प्रियंका गांधी कई इलाकों में रोड शो कर चुकी हैं। इन सबके बीच उत्तर प्रदेश विधानसभा के चौथे चरण के लिए कांग्रेस के स्टार प्रचारकों की सूची भी आ गई है। लेकिन इस सूची से कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी का नाम गायब है। चौथे चरण में ही कांग्रेस के गढ़ कहे जाने वाले रायबरेली में चुनाव होने हैं और यहीं से सोनिया गांधी सांसद में हैं। उत्तर प्रदेश में चौथे चरण के लिए 23 फरवरी को मतदान होने हैं। इस चरण में 60 सीटों पर मतदान होंगे। कांग्रेस ने इसके लिए 30 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। हालांकि इसमें सोनिया गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का नाम नहीं है। हालांकि अब तक के स्टार प्रचारकों की सूची में दोनों नेताओं का नाम हुआ करता था। लेकिन इस बार उन दोनों का नाम शामिल नहीं है। आश्चर्य इस बात को लेकर भी है कि रायबरेली से सांसद होने के बावजूद भी सोनिया गांधी प्रचार के लिए नहीं आएंगी। आपको बता दें कि सोनिया गांधी स्वास्थ्य समस्याओं की वजह से फिलहाल प्रचार को लेकर ज्यादा सक्रिय नहीं रहती हैं। कांग्रेस के स्टार प्रचारकों की सूची में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, अजय कुमार लल्लू, आराधना मिश्रा, गुलाम नबी आजादस, अशोक गहलोत, चरणजीत सिंह चन्नी, भूपेश बघेल जैसे नेताओं का नाम शामिल है।



## चरणजीत सिंह चन्नी के भांजे ने कबूला, पंजाब में बालू खनन और तबादलों के लिए मिले दस करोड़ रुपये: ED



**नई दिल्ली।** पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को कल ही राहुल गांधी ने पंजाब में कांग्रेस का सीएम कैंडिडेट घोषित किया था और आज ईडी ने उनके भांजे से जुड़ा एक नया खुलासा किया है। एजेंसी का कहना है कि चन्नी के गिरफ्तार भांजे भूपिंदर सिंह उर्फ हनी ने कबूल किया है कि बालू खनन और अधिकारियों की नियुक्ति अथवा तबादले में मदद करने के एवज में उसे 10 करोड़ रुपये नकद प्राप्त हुए थे। प्रवर्तन निदेशालय ने सोमवार को जारी एक बयान में यह दावा किया। केंद्रीय जांच एजेंसी ने पंजाब में कथित अवैध बालू खनन से जुड़ी धनशोधन जांच के सिलसिले में हनी को तीन फरवरी को गिरफ्तार किया था।

जांच एजेंसी ने 18 जनवरी को हनी और अन्य के खिलाफ छापेमारी की कार्रवाई की थी। इस दौरान हनी के ठिकाने से लगभग 7.9 करोड़ रुपये, जबकि उससे जुड़े संदीप कुमार नाम के व्यक्ति के परिसर से लगभग दो करोड़ रुपये जब्त किए गए थे। ईडी ने अपने बयान में कहा कि छापेमारी के दौरान उसने कुदरतदीप सिंह, भूपिंदर सिंह (हनी), हनी के पिता संतोख सिंह और संदीप कुमार के बयान दर्ज किए तथा इन बयानों से यह स्थापित हुआ है कि 10 करोड़ रुपये की जब्त राशि भूपिंदर सिंह, पुत्र संतोख सिंह की थी। बयान में दावा किया गया है, भूपिंदर सिंह ने कबूला है कि उसे बालू खनन से जुड़ी गतिविधियों और अधिकारियों की नियुक्ति/तबादले में मदद करने के एवज में जब्त की गई राशि मिली थी।

ईडी ने कहा कि हनी को कुछ दस्तावेजों के साथ तीन फरवरी को एजेंसी के समक्ष व्यक्तिगत रूप से पेश होने के लिए समन जारी किया गया था। जांच एजेंसी के मुताबिक, हनी उपस्थित हुआ और अपना बयान दिया, जिसमें उसने अन्य बातों के साथ-साथ कहा कि वह खनन संबंधी गतिविधियों में शामिल है, लेकिन दोष साबित करने वाला डाटा सामने रखे जाने पर वह टालमटोल करने लगा। गौरतलब है कि इस मुद्दे को लेकर पंजाब में आम आदमी पार्टी और अन्य विपक्षी दल लगातार कांग्रेस को घेर रहे हैं। आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने चन्नी पर हमला बोलते हुए कहा था कि खुद को आम आदमी बताने वाले सीएम के परिजनों के पास से करोड़ों रुपये मिले हैं।

## दिल्ली समेत कई राज्यों में होगी बारिश, पहाड़ों में बर्फबारी का अलर्ट

### एक-दो दिन में फिर बिगड़ने वाला है मौसम

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली समेत कई राज्यों में इनदिनों मौसम साफ है। पिछले दिनों की तुलना में तापमान में भी बढोत्तरी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में एक बार फिर उत्तर प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली और हरियाणा समेत कई राज्यों में तापमान में गिरावट के साथ ही कड़ाके की ठंड पड़ने के आसार हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बुधवार से एक बार फिर मौसम बिगड़ सकता है। मौसम विभाग ने बताया कि मंगलवार और अगले दो से तीन दिन मौसम बिगड़ा रहेगा। इस बीच, पश्चिमी विक्षोभ के कारण पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी जारी रहेगी। उत्तराखंड में कल यानी मंगलवार से हल्की बारिश और बर्फबारी का अनुमान जताया गया है। वहीं, राष्ट्रीय राजधानी में न्यूनतम तापमान 8.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज करने के साथ दिल्लीवासियों की सोमवार की सुबह सुखद रही। मौसम विभाग ने दिन के लिए मुख्य रूप से आसमान साफ रहने की भविष्यवाणी की है और अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना जताई है। साथ ही बुधवार को हल्की बारिश के साथ आसमान में सामान्य रूप से बादल छाए रहने की भी भविष्यवाणी की है। राष्ट्रीय राजधानी में रविवार को अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक 24.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान सामान्य से चार डिग्री कम 5.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिल्ली की वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में दर्ज की गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआइ) 262 दर्ज की गई।



## समाजवादी पार्टी की सरकार में प्रदेश में छोटे-बड़े 700 दंगे हुए : योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव प्रचार चरम पर है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने अखिलेश यादव को घेरते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में प्रदेश में छोटे-बड़े 700 दंगे हुए। उन्होंने बिजली के बहाने समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी पर जबरदस्त तरीके से हमला किया है। योगी आदित्यनाथ ने तंज कसते हुए कहा कि चांदनी रात तो चोरों को अच्छी लगती है। दरअसल, योगी आदित्यनाथ बिजली की बात कर रहे थे। योगी ने कहा कि क्या पांच साल पहले किसी को बिजली मिली थी? एसपी/बीएसपी सदस्य अंधेरे में रहने के आदी थे। एक मुहावरा है ÷चांदनी रात चोरो (चोर) को अच्छी लगती है, उन्होंने इन घंटों में लूटा। आज निःशुल्क हर घर रोशन है। इसके साथ ही योगी ने राहुल गांधी और अखिलेश पर तंज कसा है। योगी ने कहा कि याद कीजिए मुजफ्फरनगर दंगों के दौरान, लड़कों की यह जोड़ी गायब हो गई थी। एक लखनऊ में दंगों को संचालित कर रहा था और दूसरा दिल्ली से इसे देख रहा था। वे अब कहां हैं? आज वे जानते हैं कि बीजेपी उनकी गर्मी को ठंडा कर सकती है। योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने यूपी में जनता को हर सुविधा डबल और ट्रिपल तरीके से दी है। याद करिए आज से 5 साल पहले इस पश्चिमी उत्तर प्रदेश की हालत क्या हुआ करती थी? हर पर्व के पहले यहां पर दंगा होता था। हर दंगे के बाद महीनों तक कर्फ्यू चलता था। योगी ने सभी से अपील करते हुए कहा कि अगर यहां के 100 फीसदी लोगों को पूरी तरह से टीका लगाया गया है, तो वैक्सीन के खिलाफ अफवाह फैलाने वालों को अपने वोटों से कड़ा तमाचा देने का समय आ गया है।



## न्यूज़ ट्रैक....

### 1000वां एकदिवसीय खेलने वाली दुनिया की पहली टीम बनी टीम इंडिया

**अहमदाबाद** । भारतीय क्रिकेट टीम 1000वां एकदिवसीय मैच खेलने वाली विश्व की पहली टीम बनी है। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम ने रविवार को यहां वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले एकदिवसीय के लिए यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम में उतरते ही यह अहम रिकार्ड अपने नाम किया है। भारत ने इस मैच से पहले तक 999 एकदिवसीय मैच खेले हैं और उसमें 518 में जीत दर्ज की हैं। उसे 431 मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा जबकि 9 मैच टाई रहे जबकि 41 मैचों का कोई परिणाम नहीं निकला है।
भारत के 100वें एकदिवसीय में कपिल देव कप्तान थे जबकि 500वें एकदिवसीय के समय सौरव गांगुली ने कप्तानी की थी। वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम सबसे अधिक मैच खेलने के मामले में दूसरे नंबर पर हैं। उसने 958 मैच खेले हैं जबकि तीसरे नंबर पर पाकिस्तान की टीम है। उसने 936 एकदिवसीय मैच खेले हैं।

### अंडर-19 विश्व कप विजेता टीम का सम्मान करेगा बीसीसीआई

**नई दिल्ली** । भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) स्वदेश पहुंचने पर अंडर-19 विश्व कप खिताब विजेता भारतीय टीम का सम्मान करेगा। इससे पहले बीसीसीआई ने टीम के प्रत्येक संदस्य को 40 लाख रुपये, जबकि सहयोगी स्टाफ के प्रत्येक सदस्य को 25 लाख रुपये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की थी। भारतीय टीम एम्सटर्डम और बेंगलुरू होते हुए अहमदाबाद पहुंचेगी। एक बीसीसीआई अधिकारी ने कहा, लड़कों का कार्यक्रम काफी व्यस्त रहा और उन्होंने आराम करने का बेहद कम समय मिला है। भारत पहुंचने के बाद उन्हें आराम करने का कुछ अवसर मिलेगा। फाइनल में जीत दर्ज करने के बाद टीम एंटीगा से ग्याना रवाना हुई, जहां भारतीय उच्चायुक्त केजे श्रीनिवास ने उन्हें सम्मानित किया। भारतीय खिलाड़ियों को इस समारोह में वेस्टइंडीज के पूर्व तेज गेंदबाज कर्टली एम्ब्रोस के साथ मुलाकात का भी अवसर मिला।

### लैंगर का बढ़ सकता है अनुबंध

**सिडनी** । ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर का अनुबंध जून में समाप्त होने वाला है पर माना जा रहा है कि जिस प्रकार ऑस्ट्रेलियाई टीम ने टी20 विश्व कप और एशेज सीरीज जीती है। उसको देखते हुए लैंगर का अनुबंध बढ़ाया जा सकता है। वहीं क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के मीडिया में आयी उस रिपोर्ट्स को गलत बताया है जिसमें कहा गया है कि लैंगर के साथ उसके संबंध अच्छे नहीं हैं ,इस कारण उन्हें फिर से आवेदन के लिए कहा गया है। सीए के मुख्य कार्यकारी निक हॉकली और हाई परफार्मेस मैनेजर बेन ओलिवर के बीच हुई मुलाकात के बाद से स्थानीय मीडिया ने कहा कि यह बैठक तनावपूर्ण रही और सीए ने उनसे इस पद के लिये फिर से आवेदन करने को कहा। वहीं सीए ने एक बयान में इन अटकलों को खारिज करते हुए कहा, 'लैंगर, हॉकली और हाई परफार्मेस मैनेजर बेन ओलिवर के बीच हुई बैठक को लेकर जो बातें सामने आयी हैं वह सही नहीं हैं।

# यश सहित भारतीय टीम के तीन खिलाड़ी आईसीसी टीम में शामिल

**दुबई** । अंडर-19 विश्व कप विजेता भारतीय टीम के कप्तान यश धुल सहित तीन खिलाड़ियों को आईसीसी टीम में जगह मिली है। इस टीम में यश के अलावा राज बावा और विक्की ओस्तवाल को जगह मिली है पर विश्व कप में चार विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज रवि कुमार को इसमें शामिल नहीं किया गया है। यश को आईसीसी की इस सबसे मूल्यवान खिलाड़ियों की टीम का कप्तान बनाया गया है।

आईसीसी की 12 खिलाड़यों की टीम में भारतीय टीम के सबसे अधिक तीन खिलाड़ियों को जगह मिली है। वहीं इंग्लैंड और पाकिस्तान के दो-दो खिलाड़ी इसमें शामिल हैं जबकि बांग्लादेश, ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान, दक्षिण अफ्रीका और



श्रीलंका के एक-एक खिलाड़ी को इस टीम में जगह मिली हैं। यश धुल ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार शतक लगाकर टीम को जीत



दिलाई थी।

राज ने ऑलराउंडर के तौर पर शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 63 की औसत से 252 रन बनाए। इसके साथ ही



तेज गेंदबाज के तौर पर बावा ने 17 की औसत से 9 विकेट लिए। बाएं हाथ के स्पिनर विक्की ने 13 की औसत से 12 विकेट लिए।

### आईसीसी की 12 सदस्यीय टीम इस प्रकार है

यश धुल (कप्तान, भारत), हसीबुल्लाह खान (पाकिस्तान), टीग वीली (ऑस्ट्रेलिया), डेवाल्ड ब्रेविस (दक्षिण अफ्रीका), टॉम प्रिस्ट (इंग्लैंड), दुनिथ वेलालेक (श्रीलंका), राज बावा (भारत), विक्की ओस्तवाल (भारत), रिपन मोंडोल (बांग्लादेश), आवेस अली (पाकिस्तान), जोश बॉयडेन (इंग्लैंड). 12वां खिलाड़ी नूर अहमद (अफगानिस्तान)।

# अदिति में शीर्ष खिलाड़ी बनने की संभावनाएं

**नई दिल्ली** । भारत की युवा बैडमिंटन खिलाड़ी अदिति भट्ट भविष्य के मुकाबलों के लिए आजकल अपनी तैयारियों को बेहतर करने में लगी हैं। अदिति इसके लिए अपने स्ट्रोक्स और दमखम पर विशेष ध्यान दे रही हैं। अदिति ने उबेर कप फाइनल्स में थाईलैंड के खिलाफ मुकाबले में विश्व की 13वें नंबर की खिलाड़ी बुसानन ओंगबामरंगफान के खिलाफ जमकर संघर्ष किया था हालांकि वह तीन गेम तक चले मैच में हार गई थी। अदिति ने इस मैच में अपने प्रदर्शन से दिखाया है कि उनकी शीर्ष खिलाड़ी बनने की संभावनाएं हैं। डेनमार्क में अपने चार में से दो मैच



जीतने वाली अदिति ने कहा, 'जब लोग कहते हैं कि आप भविष्य हो और हम आपको ओलंपिक में देखना चाहते हैं तो कई बार यह डराने वाला हो सकता है। लोग आपसे बहुत उम्मीद करते हैं लेकिन यह ठीक है, किसी तरह का दबाव नहीं है। उन्होंने कहा, 'ऊंची रैंकिंग वाली खिलाड़ियों स्पेन की अनिया सेटियन और स्कॉटलैंड की रेचेल सुगडेन के खिलाफ दो मैच जीतने के बाद मैं अच्छा प्रदर्शन करने के प्रति आश्वस्त थी लेकिन मैंने नहीं सोचा था कि मैं एक गेम बुसानन के खिलाफ जीतने में सफल रहूंगी। मैं अच्छा खेल रही थी और वह दबाव में थी क्योंकि वह जूनियर से खेल रही थी। यह शानदार मैच था। अदिति को इसका लाभ हंगरी अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप में मिला जहां वह फाइनल्स में पहुंची।



*चीन में फिगर स्केटिंग मुकाबले में भाग लेती हुई रुस की कैमिला वेलिवा।*

# अगले माह शुरु होंगे गोल्फ मुकाबले

**नई दिल्ली** । अगले साल यहां 24 से 27 मार्च तक होने वाले पांच लाख डॉलर इनामी राशि वाले डीजीसी ओपन के साथ ही देश में करीब ढाई साल बाद एशियाई टूर के मुकाबले खेले जाएंगे। कोरोना संक्रमण के कारण ये अब तक नहीं हुए थे। इस टूर्नामेंट का आयोजन नये लोधी कोर्स पर किया जाएगा। यह नया टूर्नामेंट 2022 एशियाई टूर कैलेंडर के सत्र के शुरुआती हिस्से के मुख्य टूर्नामेंटों में से एक होगा। दिल्ली गोल्फ क्लब के अध्यक्ष मनजीत सिंह ने कहा कि डीजीसी ओपन नया टूर्नामेंट है जिसे गैरी प्लेयर द्वारा डिजाइन नये कोर्स पर खेला जाएगा। यह इससे जुड़े सभी लोगों के लिए नई शुरुआत होगी। उन्होंने कहा कि इस टूर्नामेंट से भारत में अंतरराष्ट्रीय गोल्फ टूर्नामेंट की वापसी में दिल्ली गोल्फ क्लब को अहम भूमिका निभाने का अवसर मिला है। गौरतलब है कि भारत में पिछली एशियाई टूर प्रतियोगिता का आयोजन नवंबर 2019 में पैनासोनिक ओपन इंडिया के रूप में किया गया था। यही टूर्नामेंट अक्टूबर 2018 में दिल्ली गोल्फ क्लब में हुई एशियाई टूर की पिछली प्रतियोगिता थी। इस टूर्नामेंट में काविड-19 के सभी नियमों का पालन भी किया जाएगा।






# राणा दग्गुबाती की फिल्म हाथी मेरे साथी का ट्रेलर दमदार अंदाज में हुआ रिलीज



इरोस इंटरनेशनल ने आज एक वर्चुअल कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अपनी एडवेंचर फिल्म हाथी मेरे साथी का बहुप्रतीक्षित हिंदी ट्रेलर रिलीज कर दिया है। बीते दिन, 3 मार्च को, वर्ल्ड वाइल्डलाइफ डे के अवसर पर, निर्माताओं ने राणा दग्गुबाती, प्रभू सोलोमन, विष्णु विशाल, श्रीया पिलगांवकर और जोया हुसैन की उपस्थिति में क्रमशः चेन्नई और हैदराबाद में त्रिभाषी फिल्म का बहुप्रतीक्षित तमिल और तेलुगू ट्रेलर रिलीज कर दिया है। और अब, टीम ने एक वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस में फिल्म का हिंदी वर्जन हाथी मेरे साथी का ट्रेलर जारी कर दिया है। अरन्या और कादान के ट्रेलर ने दर्शकों को अपने पैमाने और प्रदर्शन से मंत्रमुग्ध कर दिया है। ट्रेलर ने 26 मार्च रिलीज होने वाली इस फिल्म की एक छोटी सी झलक साझा की है। मुंबई इरोस इंटरनेशनल ने आज एक वर्चुअल कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अपनी एडवेंचर फिल्म हाथी मेरे साथी का बहुप्रतीक्षित हिंदी ट्रेलर रिलीज कर दिया है। बीते दिन, 3 मार्च को, वर्ल्ड वाइल्डलाइफ डे के अवसर पर, निर्माताओं ने राणा दग्गुबाती, प्रभू सोलोमन, विष्णु विशाल, श्रीया पिलगांवकर और जोया हुसैन की उपस्थिति में क्रमशः चेन्नई और हैदराबाद में त्रिभाषी फिल्म का बहुप्रतीक्षित तमिल और तेलुगू ट्रेलर रिलीज कर दिया है। और अब, टीम ने एक वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस में फिल्म का हिंदी वर्जन हाथी मेरे साथी का ट्रेलर जारी कर दिया है। अरन्या और कादान के ट्रेलर ने दर्शकों को अपने पैमाने और प्रदर्शन से मंत्रमुग्ध कर दिया है। ट्रेलर ने 26 मार्च रिलीज होने वाली इस फिल्म की एक छोटी सी झलक साझा की है। राणा सभी तीनों वर्शन में बिल्कुल अलग अवतार में मुख्य पात्र निभा रहे है। हिंदी वर्जन हाथी मेरे साथी में वह पुलकित सम्राट के साथ मुख्य भूमिका निभा रहे हैं और विष्णु विशाल कादान (तमिल) व अरन्या (तेलुगू) में नजर आएंगे। इस फिल्म में प्रतिभाशाली अभिनेत्री, श्रिया पिलगांवकर और जोया हुसैन भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। हाथी मेरे साथी एक ऐसी कहानी है, जो एक आदमी (राणा दग्गुबाती) की कहानी का पता लगाती है, जो इकोसिस्टम की रक्षा करते हुए अपना अधिकांश जीवन जंगल में बिताता है। यह एक आदमी और एक हाथी के बीच रिश्ते की एक अंतहीन कहानी है जिसका दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। राणा के लिए यह एक हैट्रिक होगी क्योंकि बहुप्रशंसित बाहुबली श्रृंखला और द गाजी अटैक के बाद हाथी मेरे साथी उनकी तीसरी त्रिभाषी फिल्म है।

## फिल्म तेजस के लिए कंगना रनौत ने ली आर्मी की ट्रेनिंग

फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत सोशल मीडिया पर सक्रिय रहती हैं और अक्सर अपनी फिल्मों से जुड़े अपडेट्स फैंस के साथ साझा करती रहती हैं। कंगना रनौत इन दिनों अपनी आगामी फिल्मों को लेकर काफी व्यस्त चल रही हैं। उनकी कई फिल्में कतार में है, जिनमें उनकी एक देशभक्ति फिल्म तेजस भी शामिल है। इस फिल्म में कंगना एक एयरफोर्स पायलट की भूमिका में हैं। कंगना अपनी इस फिल्म में एक भारतीय वायुसेना अधिकारी के किरदार में दिखने वाली हैं। फाइटर पायलट के रोल में खुद को ढ़ालने के लिए कंगना लगातार कठिन मेहनत कर रही हैं। इसके साथ ही वह इस फिल्म के लिए आर्मी की ट्रेनिंग भी ले रही हैं।



इसकी जानकारी खुद कंगना ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट कर दी। इस वीडियो में कंगना नेट पर चढ़ते हुए दिख रही हैं। सोशल मीडिया पर कंगना का यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इसके साथ ही फैंस उनके कठिन परिश्रम की तारीफ भी कर रहे हैं। रोनी स्क्रूवाला द्वारा निर्मित इस फिल्म के निर्देशक सर्वेश मेवाड़ा है।

## बॉलीवुड में पहले वीकेंड का ट्रेंड हॉलीवुड से आया: संजय सूरी

अभिनेता संजय सूरी का कहना है कि पहले वीकेंड का ट्रेंड जिसे हमने हॉलीवुड से लिया है। जिसने हमारे पक्ष में काम नहीं किया है। सोशल मीडिया पर अच्छा रिस्पांस मिलना भी सफलता का पैरामीटर है। ऑस्कर विजेता फिल्मों के ट्रेलरों में अक्सर बॉलीवुड गीतों की तुलना में कम विचार होते हैं लेकिन सफलता बड़ी मिलती है। उन्होंने ये भी कहा कि, शुरूआती वीकेंड का कारोबार हमारे उद्योग का हिस्सा नहीं था। यह हॉलीवुड से आया। इससे पहले, सभी फिल्में 25 से 30 हफ्ते में बढ़ती थी और दूसरे सप्ताह पहले सप्ताह की तुलना में बेहतर थी। इसलिए इसने एक फिल्म को बढ़ने का समय दिया। फिल्म रीलीज होने के बाद रविवार को समीक्षा करते हैं। जिसके बाद दर्शकों को फिल्म देखने का मौका मिलता है और यह पहले से तय है। अब रिव्यू बुधवार को होते हैं। हमने वेस्ट को फिर से लक्ष्यबद्ध किया और यह प्रतिरूप बन गया। वह अभिनेता जो वेब सीरीज देव डीडी- 2 का हिस्सा है। सोशल मीडिया पर अच्छा रिस्पांस मिलना भी गलत नहीं है।

# मैं समस्या से गुजरी हूं, लेकिन आत्महत्या इसका समाधान नहीं: सुबुही जोशी



टेलीविजन अभिनेत्री सुबुही जोशी का कहना है कि एक्टर केवल पार्टी करते हैं और अच्छा समय बिताते हैं, यह सोच गलत है। इसके विपरीत, इस पेशे के कई लोग अकेले हैं और इसका असर मेंटल हेल्थ पर पड़ता है। उन्होंने कहा, मैंने एक ऐसा चरण देखा है, जहां मैं मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं थी और जिसने मेरे शारीरिक स्वास्थ्य, मेरी हर चीज को प्रभावित किया। इसलिए जब आप मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं होते तो मेरा मानना है कि आप काम नहीं कर सकते। ये उन दिनों की बात है मैं अपनी भूमिका के लिए जानी जाने वाली अभिनेत्री का मानना है कि ग्लैमर उद्योग में अवसाद और चिंता बहुत होती है। लोगों को लगता है कि आपके पास बहुत सारे दोस्त हैं, आप बहुत पार्टी करते हैं लेकिन वास्तविकता यह है कि लोग बहुत अकेले हैं। आपके पास बात करने के लिए बहुत सारे लोग नहीं हैं, लोगों के पास इसके लिए भी समय नहीं है। लोग इसके बारे में बात नहीं करना चाहते हैं। यह एक बहुत ही अनिश्चित क्षेत्र है जैसे कि हमारे पास निश्चित काम नहीं है, आज आपके पास एक बड़ा शो है, कल आपके पास कुछ भी नहीं होगा। आज आप एक स्टार हैं कल आप कुछ भी नहीं होंगे। सुबुही कहती हैं, मैं बहुत सारी समस्याओं से गुजरी हूं, लेकिन आत्महत्या इसका समाधान नहीं है। यह बहुत दुख की बात लोग ऐसा कदम उठाते हैं।

# सामने आया फिल्म दसवीं से अभिषेक बच्चन का देसी अवतार, सोशल मीडिया पर वायरल

बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता अभिषेक बच्चन आने वाले दिनों में कई फिल्मों में नजर आने वाले हैं। इस लिस्ट में अभिषेक बच्चन की अगली फिल्म दसवीं है। जिसकी शूटिंग अभिनेता इन दिनों कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग के लिए कुछ समय पहले अभिषेक बच्चन आगरा पहुंचे थे। जहां पर उन्होंने आगरा सेंट्रल जेल में फिल्म की शूटिंग को पूरा किया है। अब इसी बीच अभिनेता फिल्म को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। अभिनेता अभिषेक बच्चन ने अपनी फिल्म का एक लुक भी शेयर किया है। अभिषेक ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक तस्वीर शेयर की है



जिसमें वो देसी अंदाज में दिखाई दे रहे है। इस दौरान अभिनेता लाल गोल्डन कलर की कुर्सी पर ठाट से बैठे दिखाई दे रहे हे। अभिनेता ने इस दौरान सफेद कलर का कुर्ता पजामा और पगड़ी पहने हुए है। साथ में काला चश्मा चढ़ाए हुए दिखाई दे रहे हैं। अभिनेता का स्वैग देखते ही बनता है। अभिषेक बच्चन बड़े शान से कुर्सी पर बैठे हुए दिखाई दे रहा है और वह चारों तरफ कई सारे लोग उनको खुशी से ऊपर उठाते हुए दिखाई दे रहे है। अपनी इस तस्वीर को शेयर करते हुए अभिषेक बच्चन ने कैप्शन में लिखा कि, दसवीं। सोशल मीडिया पर ये तस्वीर आते ही चर्चा में बन चुकी है। फैंस को अभिनेता का ये अंदाज काफी पसंद आ रहा है। सोशल मीडिया पर कई प्रतिक्रिया भी सामने आ रही है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि अभिषेक बच्चन के अलावा फिल्म में निमरत कौर और यामी गौतम भी मुख्य किरदार में नजर आने वाली हैं।

## ब्रह्मास्त्र के सेट से सामने आई आलिया भट्ट और रणबीर कपूर की तस्वीरें




अयान मुखर्जी के निर्देशन में बन रही फिल्म ब्रह्मास्त्र काफी समय से चर्चा में हैं। ब्रह्मास्त्र में अमिताभ बच्चन, रणबीर कपूर और आलिया भट्ट मुख्य भूमिका में हैं। जबकि नागार्जुन, डिम्पल कपाड़िया और मौनी रॉय भी महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म की शूटिंग इन दिनों मुंबई में चल रही है और सेट से आलिया भट्ट और रणबीर कपूर की लेटेस्ट तस्वीरें सामने आई है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। अभिनेत्री आलिया भट्ट ने इन तस्वीरों को सोशल मीडिया पर फैंस के साथ साझा किया है और अपनी इस फिल्म की जर्नी को एक आशीर्वाद बताया है। इसी के साथ अयान और रणबीर को मैजिकल बॉयज़ कहा है। इसके साथ ही आलिया ने बताया कि फिल्म की शूटिंग जल्द ही खत्म होने वाली है। आलिया ने जो तस्वीरें शेयर की है उनमें से एक तस्वीर में आलिया और रणबीर के साथ निर्देशक अयान मुखर्जी भी हैं और तीनों माँ काली की प्रतिमा के सामने कुर्सी पर बैठे हुए नजर आ रहे हैं, वहीं दूसरी तस्वीर में आलिया और रणबीर के साथ निर्देशक अयान मुखर्जी भी हैं। वहीं दूसरी तस्वीर में तीनों माँ काली की तरफ फेस किये हुए खड़े हैं। अयान मुखर्जी की फैंटेसी एक्शन फिल्म ब्रह्मास्त्र में अमिताभ ब्रह्मा के किरदार में, रणबीर शिव और आलिया भट्ट ईशा के किरदार में नजर आएंगी।

# रश्मि देसाई का यह अंदाज आपको भी कर देगा दीवाना



टीवी की नागिन रश्मि देसाई का यह अंदाज आपको भी कर देगा दीवाना टीवी की टॉप एक्ट्रेस और बिग बॉस फेम रश्मि देसाई अक्सर अपनी तस्वीरों की वजह से चर्चा में रहती हैं। रश्मि दिन ब दिन स्टाइलिश और ग्लैमरस होती जा रहीं हैं। रश्मि आए दिन अपनी तस्वीरें फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। उनकी तस्वीरें आते ही सोशल मीडिया पर छा जाती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस की कुछ तस्वीरें सामने आई है। टीवी की टॉप एक्ट्रेस और बिग बॉस फेम रश्मि देसाई अक्सर अपनी तस्वीरों की वजह से चर्चा में रहती हैं। रश्मि दिन ब दिन स्टाइलिश और ग्लैमरस होती जा रहीं हैं। रश्मि आए दिन अपनी तस्वीरें फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। उनकी तस्वीरें आते ही सोशल मीडिया पर छा जाती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस की कुछ तस्वीरें सामने आई है। इस बार रश्मि ने अपने ट्रेडिशनल लुक इंटरनेट का तापमान बढ़ा रही हैं,जिन्हें उन्होंने अपने इंस्टा अकाउंट पर शेयर किया है। इन तस्वीरों में रश्मि ब्लू कलर की प्रिंटेड साड़ी में नजर आ रही हैं। इस बार रश्मि ने साड़ी बिल्कुल अलग अंदाज में कैरी की है। साड़ी के पल्लू से लेकर ब्लाउज का डिजाइन भी बिल्कुल नया है। एक्ट्रेस ने अपने लुक को मिनिमल मेकअप, ओपन हेयर, एथेनिक ज्वेलरी से कंप्लीट किया है। रश्मि के चेहरे की मुस्कान उनकी खूबसूरती पर चार चांद लगा रही है। साड़ी में रश्मि का कातिलाना अंदाज़ देख किसी की भी दिल की धड़कने रुक सकती हैं। फैंस रश्मि की इन तस्वीरों को काफी पसंद कर रहे हैं।

# यकीनन यह जानने के बाद आप रोजाना खायेंगे पॉपकॉर्न



पॉपकॉर्न कई तरह के होते हैं। थिएटर में मूवी देखते वक्त या घर में इन्स्टैंट स्नैक्स के रूप में खूब इस्तेमाल किए जाने वाले पॉपकॉर्न्स हमारी सेहत के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं। तो चलिए जानते हैं कि वे फायदे क्या-क्या हैं....

**कोलेस्ट्रॉल करे कम:** पॉपकॉर्न में पाया जाने वाला फाइबर कोलेस्ट्रॉल को कम करता है और धमनियों को भी चौड़ा करता है। इस वजह से शरीर में रक्त प्रवाह दुरुस्त होता है और दिल पर दबाव भी कम होता है। जिससे हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा कम होता है।

**कैंसर से सुरक्षा:** पॉपकॉर्न में पॉलीफेनोलिक कंपाउंड भरपूर मात्रा में पाया जाता है जो कि एक पॉवरफुल एंटी-ऑक्सीडेंट है। यह कैंसर पैदा करने वाले फ्री रेडिकल्स से मुक्ति दिलाने का काम करता है।

**मोटापा कम करे:** पॉपकॉर्न से बहुत कम मात्रा में कैलोरी प्राप्त होती है। एक कप पॉपकॉर्न खाने से मात्र तीस कैलोरी ही मिलती है। यह आलू के चिप्स से मिलने वाली कैलोरी से 5 गुना कम होती है। इसमें मौजूद तेल भी शरीर के लिए बेहद जरूरी होता है। ऐसे में भूख लगने पर पॉपकॉर्न खाना ज्यादा सही है।

**हड्डियां रखे मजबूत:** पॉपकॉर्न में मैंगनीज काफी मात्रा में पाया जाता है। यह हड्डियों को मजबूत बनाने में कारगर है। ऐसे में पॉपकॉर्न का सेवन आगे चलकर आपको ऑस्टियोपोरोसिस, आर्थराइटिस और ओस्टिओआर्थराइटिस आदि से बचाने में मदद कर सकता है।

**डॉयबिटीज के लिए सही फूड:** पॉपकॉर्न में मौजूद फाइबर शरीर में ब्लड शुगर पर अच्छा प्रभाव डालता है। यह ब्लड शुगर और इंसुलिन को नियमित करने का काम करता है।

## महिलाओं के लिए किसी वरदान से कम नहीं हैं पत्ता गोभी, रात को सोने से पहले...



पत्ता गोभी तो आप सब जानते है इसकी सब्जी खाने में बहुत स्वादिस्ट होती है। लेकिन पत्ता गोभी की सब्जी बनाते समय हम इनके पत्तो को फेंक देते है। पत्ता गोभी के ये पत्ते हमे कई तरह के स्वस्थ लाभ प्रदान करते है। पत्ता गोभी के पत्ते बीमारीओं को शरीर से बाहर खीचने के लिए चुंबक का काम भी करती है। आजकल ली इस भागदौड़ भरी जिंदगी में व्यस्त दिनचर्या के चलते थकान और तनाव की वजह से सिर में दर्द होना आम बात है। पत्ता गोभी के पत्तों को रात को अपने माथे पर रख ले और उसे किसी टोपी से ढक कर सो जाये, सुबह मिलने वाले नतीजो से आप हैरान रह जाओगे। जिन लोगो को टांगो, हाथो तथा टखने अदि जैसी जगह पर चोट लगने की वजह से सुजन हो रही हो तो पत्ता गोभी के पत्ते आपके लिए रामबाण है।

## दादी मां

**भरत मिश्र प्राची**

दादा - दादी बनने का सौभाग्य बड़े भाग्य से किसी को मिलता है। जिसे ये मिला है वह परम सुखी है। चन्द्रावती को दादी बनने का सौभग्य तो मिला पर उसे दादी मां की जगह मां कहलाना ज्यादा पसंद है। जब नन्हीं परी उसे दादी मां कहती तो वह मौन होकर अपनी नराजगी जता देती पर जैसे हीं मां कहती तो वह मुस्कुराकर बड़े प्रेम से बाबू .. बाबू कहती। बाल स्वभाव नन्हीं परी भी इस बात को अब धीरे - धीरे समझने लगी कि दादी को दादी मां की जगह मां सुनना ज्यादा पसंद है। इसी कारण वह दादी मां को मां कहकर ही बुलाती, बतियाती, गोद मं खेलती। चन्द्रावती को भी नन्हीं परी के मुंह से मां कहना ज्यादा अच्छा लगता। जब कभी कोई नन्हीं परी से पूछता कि दादी मां कहां है तो चन्द्रावती को बहुत बुरा लगता। नन्हीं परी भी इस बात को भाप गई कि दादी को दादी मां कहना अच्छा नहीं लगता। इसी कारण वह धीरे से दादी मां की ओर देखकर मौन इसारे में इसारा कर देती पर मुंह से कुछ बोल नहीं पाती। इस तरह के परिवेश पर चन्द्रावती का पति रामनाथ भी कह देते '' चन्द्रवाती ! इस उम्र में बच्चें दादा - दादी हीं तो कहेंगे। मेरे को नन्हीं परी तुतली बोली में बाबा जी कहकर बुलाती तो कितना अच्छा लगता। मेरे कान बार - बार इस शब्द को सुनने को तरसते। '' '' तो आप हीं सुनते रहो जी। आप को बाबा कहलाना ज्यादा पसंद है, बाबा - बाबा कहलाते रहो, मैं तो नन्हीं परी की मां हीं बनकर रहना चाहती, वह मुझे मां हीं कहेगी। '' चन्द्रावती तुरन्त कह उठती। इस मामलें में चन्द्रावती की सहेली लीलावती भी कई बार उसे समझाने की भरपूर कोशिश कि '' चन्द्रावती! बड़े भाग्य से दादी बनने, सुनने का किसी को मौका मिलता है, वह मौका तूझे मिला है और एक तुम हो जो अभी भी मां ही कहलाना पसंद करती'' चन्द्रावती के कान पर इस तरह की बात की कोई जूं नहीं रेंगती। इस मामले में वह किसी की भी सलाह मानने को तैयार नहीं जब कि वह अच्छी तरह अपनी सही उम्र , अवस्था को जानतें हुये भी मां कहलाने के मोहजाल में फंसी वह अपनी वास्तविक उम्र अवस्था को भी भूल गई। सिर के बाल पूरी तरह से सफेद हो चुके, वास्तविक दांत की जगह नकली दांत जगह ले लिये, शरीर पर झूरिया नजर आने लगी। इस तरह का परिवेश तो दादी की हीं झलक देता पर चन्द्रावती को बिल्कुल पसंद नहीं कि नन्हीं परी उसे दादी कहकर बुलाये। कोई नन्हीं परी से उसे दादी कहलवाने का प्रयास करता तो वह उससे नराज हो जाती। इस बात को नन्ही परी भी समझने लगी तभी वह दादी की जगह चन्द्रावती को मां ही कहकर बुलाती। अब नन्हीं परी अपनी मां को मम्मी और दादी को मां कहकर बुलाने लगी। मां और मम्मी में भी अन्तर है इस बात को तो अभी नन्हीं परी समझ नहीं पा रही है पर इस अन्तर को उम्र बढ़ने के साथ एक न एक दिन अवश्य समझ जायेगी तब वह मां की जगह दादी मां कह के ही बुलायेगी। चन्द्रावती की पुत्री किरण का बेटा अरुण नानी कहकर बुलाता है तो अब उसे बुरा नहीं लगता। जबकि बवपन में वह भी नन्हीं परी की ही तरह मां कह के हीं बुलाता रहा और आज जब वह बड़ा हो गया तो मां एवं नानी के अर्थ को अच्छी तरह से समझ गया। आज भी चन्द्रावती उसे बेटु कह के हीं बुलाती है। ममता दुनियां की सबसे बड़ी अनमोल रत्न है जिसकी मोह माया में जो भी फंसा आज तक निकल नहीं पाया। चन्द्रावती भी इस मोहजाल में बुरी तरह जकड़ चुकी है। एक तरफ नन्हीं परी तो दूसरी ओर अरुण। दोनों साथ रह नहीं सकते और चन्द्रावती दोनों से अलग रह नहीं सकती। बड़ी अजीब माया है।

# चुनावी पाबंदियां अनलॉक



**सिद्धार्थ शंकर**

देश में कोरोना मरीजों की संख्या में गिरावट के बीच चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों को फिजिकल रैली करने की परमिशन दे दी है। रैली के लिए ग्राउंड और हॉल का प्रयोग किया जा सकता है। वहीं रैली में आए नेता और कार्यकर्ताओं के लिए कोरोना गाइडलाइन का पालन करना अनिवार्य होगा। आयोग ने पत्र जारी करते हुए कहा कि रैली के दौरान मैदान में उसकी कुल क्षमता की 30 फीसदी भीड़ ही जुटाई जा सकती है। वहीं इंडोर हॉल में 50 फीसदी उपस्थिति के साथ सभा करने की अनुमति है। पदयात्रा, बाइक रैली और जुलूस निकालने पर पहले की तरह प्रतिबंध जारी रहेगा। कोरोना मरीजों की संख्या में गिरावट के बीच छोटी पार्टियां लगातार रैली करने की अनुमति मांग रही थी। इन पार्टियों का तर्क था कि संसाधन नहीं होने की वजह से वर्चुअल रैली करने में कठिनाई हो रही है और इस वजह से हम जनता तक अपनी बात नहीं पहुंचा पा रहे। वैसे आयोग ने प्रतिबंधों की अवधि 11 फरवरी तक और बढ़ा दी थीं, मगर यह मियाद खत्म होने से पहले उसने नए आदेश जारी कर दिए। नया आदेश पहले चरण के प्रचार खत्म होने से दो दिन पहले आया है। लिहाजा दूसरे चरण के मतदान वाले राज्यों या सीटों पर प्रत्याशियों को राहत मिलेगी। हालांकि पहले से चले आ रहे प्रतिबंधों के बावजूद जिस तरह से राजनीतिक दलों ने निर्वाचन आयोग की नजरों में धूल झोंकने का भरपूर प्रयास किया, वे ताजा फैसले के बाद नहीं करेंगे, इसका दावा करना मुश्किल है। यों भी राजनेताओं को भीड़ देख कर ही उत्साह बनता है, इसलिए जिस समय दस लोगों को साथ लेकर घर-घर जाकर प्रचार करने की इजाजत थी, उस समय भी सैकड़ों लोगों को साथ लेकर चल रहे थे। उसमें मुंह ढंकने और उचित दूरी का पालन करने की जरूरत शायद कोई नहीं समझ रहा था। दरअसल, निर्वाचन आयोग की यह शर्त कई नेताओं के साथ व्यावहारिक रूप में लागू करना संभव नहीं हो पा रहा था। राजनीतिक दलों के बड़े चेहरों के सुरक्षा इंतजाम में ही इतने लोग लगे रहते हैं कि उन्हें दस की संख्या तक सीमित रख पाना संभव नहीं होता। इसलिए मांग की जा रही थी कि प्रशासन को कुछ ऐसा इंतजाम करें, जिससे भीड़भाड़ को काबू में रखना आसान हो सके। शायद इसे भी ध्यान में रखते हुए निर्वाचन आयोग ने कुछ ढिलाई दी है। यों कोरोना के मामले अब पहले से कम दर्ज हो रहे हैं, पर चिंता की बात है कि इससे होने वाली मौतों का आंकड़ा निरंतर बढ़ रहा है, इसलिए इसे लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही खतरे से खाली नहीं मानी जा सकती। ऐसे में जिस तरह राजनीतिक दल प्रचार में नियम-कायदों को ताक पर रखते देखे जा रहे हैं, वे नए नियमों के बाद कुछ और छूट लेने का प्रयास करेंगे। मतदान की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आती है, राजनीतिक दलों में प्रचार की होड़ बढ़ जाती है। इसलिए वे निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की धज्जियां उड़ाने से शायद ही बाज आएं। मगर निर्वाचन आयोग से अपेक्षा है कि जब उसने नियम बनाए हैं, तो उन पर अमल भी कड़ाई से सुनिश्चित कराए। वरना उसकी ढिलाई पर पहले ही अंगुलियां उठती रही हैं। इस बार मामला बड़ी आबादी की सेहत का है, इसलिए इसमें किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जानी चाहिए।

देश में कोरोना मरीजों की संख्या में गिरावट के बीच चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों को फिजिकल रैली करने की परमिशन दे दी है। रैली के लिए ग्राउंड और हॉल का प्रयोग किया जा सकता है। वहीं रैली में आए नेता और कार्यकर्ताओं के लिए कोरोना गाइडलाइन का पालन करना अनिवार्य होगा। आयोग ने पत्र जारी करते हुए कहा कि रैली के दौरान मैदान में उसकी कुल क्षमता की 30 फीसदी भीड़ ही जुटाई जा सकती है। वहीं इंडोर हॉल में 50 फीसदी उपस्थिति के साथ सभा करने की अनुमति है। पदयात्रा, बाइक रैली और जुलूस निकालने पर पहले की तरह प्रतिबंध जारी रहेगा। कोरोना मरीजों की संख्या में गिरावट के बीच छोटी पार्टियां लगातार रैली करने की अनुमति मांग रही थी। इन पार्टियों का तर्क था कि संसाधन नहीं होने की वजह से वर्चुअल रैली करने में कठिनाई हो रही है और इस वजह से हम जनता तक अपनी बात नहीं पहुंचा पा रहे। वैसे आयोग ने प्रतिबंधों की अवधि 11 फरवरी तक और बढ़ा दी थीं, मगर यह मियाद खत्म होने से पहले उसने नए आदेश जारी कर दिए। नया आदेश पहले चरण के प्रचार खत्म होने से दो दिन पहले आया है। लिहाजा दूसरे चरण के मतदान वाले राज्यों या सीटों पर प्रत्याशियों को राहत मिलेगी। हालांकि पहले से चले आ रहे प्रतिबंधों के बावजूद जिस तरह से राजनीतिक दलों ने निर्वाचन आयोग की नजरों में धूल झोंकने का भरपूर प्रयास किया, वे ताजा फैसले के बाद नहीं करेंगे, इसका दावा करना मुश्किल है। यों भी राजनेताओं को भीड़ देख कर ही उत्साह बनता है, इसलिए जिस समय दस लोगों को साथ लेकर घर-घर जाकर प्रचार करने की इजाजत थी, उस समय भी सैकड़ों लोगों को साथ लेकर चल रहे थे। उसमें मुंह ढंकने और उचित दूरी का पालन करने की जरूरत शायद कोई नहीं समझ रहा था। दरअसल, निर्वाचन आयोग की यह शर्त कई नेताओं के साथ व्यावहारिक रूप में लागू करना संभव नहीं हो पा रहा था। राजनीतिक दलों के बड़े चेहरों के सुरक्षा इंतजाम में ही इतने लोग लगे रहते हैं कि उन्हें दस की संख्या तक सीमित रख पाना संभव नहीं होता। इसलिए मांग की जा रही थी कि प्रशासन को कुछ ऐसा इंतजाम करें, जिससे भीड़भाड़ को काबू में रखना आसान हो सके। शायद इसे भी ध्यान में रखते हुए निर्वाचन आयोग ने कुछ ढिलाई दी है। यों कोरोना के मामले अब पहले से कम दर्ज हो रहे हैं, पर चिंता की बात है कि इससे होने वाली मौतों का आंकड़ा निरंतर बढ़ रहा है, इसलिए इसे लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही खतरे से खाली नहीं मानी जा सकती। ऐसे में जिस तरह राजनीतिक दल प्रचार में नियम-कायदों को ताक पर रखते देखे जा रहे हैं, वे नए नियमों के बाद कुछ और छूट लेने का प्रयास करेंगे। मतदान की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आती है, राजनीतिक दलों में प्रचार की होड़ बढ़ जाती है। इसलिए वे निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की धज्जियां उड़ाने से शायद ही बाज आएं। मगर निर्वाचन आयोग से अपेक्षा है कि जब उसने नियम बनाए हैं, तो उन पर अमल भी कड़ाई से सुनिश्चित कराए। वरना उसकी ढिलाई पर पहले ही अंगुलियां उठती रही हैं। इस बार मामला बड़ी आबादी की सेहत का है, इसलिए इसमें किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जानी चाहिए।

## राष्ट्रीय एकता में बाधक तत्व

आर्थिक और सामाजिक असमानता राष्ट्रीय एकता में बहुत बड़ी बाधा है। उस असमानता का मूल है अहं और स्वार्थ। इसलिए राष्ट्र की भावात्मक एकता के लिए अहं-विसर्जन और स्वार्थ-विसर्जन को मैं बहुत महत्व देता हूं। जातीय असमानता भी राष्ट्रीय एकता का बहुत बड़ा विघ्न है। उसका भी मूल कारण अहं ही है। दूसरों से अपने को बड़ा मानने में अहं पुष्ट होता है और आदमी अपने-आप में संतोष का अनुभव करता है। अहं का विसर्जन किए बिना जातीय भेद का अंत नहीं हो सकता। मनुष्य जन्मना मनुष्य का शत्रु नहीं है। एक पेड़ की दो शाखाएं परस्पर विरोधी कैसे हो सकती हैं? फिर भी यह कहा जाता है कि धर्म-संप्रदाय मनुष्यों में मैत्री स्थापित करने के लिए प्रचलित हुए हैं। उनमें जन्मना शत्रुता नहीं है, फिर मैत्री स्थापित करने की क्या आवश्यकता हुई? मैं फिर इस विश्वास को दोहराना चाहता हूं कि मनुष्य-मनुष्य में स्वभावतः शत्रुता नहीं है। वह निहित स्वार्थ वाले लोगों द्वारा उत्पन्न की जाती है। उसे मिटाने का काम धर्म-संप्रदाय ने प्रारंभ किया, किंतु आगे चलकर वे स्वयं निहित स्वार्थ वाले लोगों से घिर गए और मनुष्य को मनुष्य का शत्रु मानने के सिद्धांत की पुष्टि में लग गए। इस चिंतन के आधार पर मुझे लगता है कि सांप्रदायिक समस्या का मूल भी अहं और स्वार्थ को छोड़कर अन्यत्र नहीं खोजा जा सकता। इसलिए सांप्रदायिक वैमनस्य की समस्या को सुलझाने के लिए भी अहं और स्वार्थ का विसर्जन बहुत आवश्यक है। भाषा, जो दूसरों तक अपने विचारों को पहुंचाने का माध्यम है, को भी राष्ट्रीय एकता के सामने समस्या बनाकर खड़ा कर दिया जाता है।

## प्रेम पथिक् बसंत को भुला दिया रे : खबरी लाल

भारत को पर्व त्योहारो का देश कहा गया है। यहाँ की संस्कृति - सभ्यता ही विश्व के मानचित्र में हमारी पहचान है। लेकिन दुःख की बात यह है कि इस भौतिक वादी युग में आज मानव अपने भोग विलास इतना लिप्त हो गया है कि उसे पता ही नही है कि उसके जीवन का लक्ष्य क्या है। आज उसके पास समय नही है। विगत वर्षो में प्रकृति ने मानव को उसके जीवन के वास्तविक जीवन से परिचय वैश्विक महामारी कोरोना संकट काल में कराया दिया है। वसंत ऋतु का आगमन हो चुका है।वसंत के स्पर्श मात्र से प्रकृति पुल्लकित व पल्लवित हो गई है। प्रकृति ने अपना श्रंगार किया है। खेतो में खड़ी सरसों के लहराते पीले फूलों ने वसंत बयारों के साथ नव यौवनाओं की तरह अठखेलियाँ कर रही है। बागों में आम के पेड़ो पर नव मंजरी की मन मोहक मादकता की सुगंध से जग जाहिर हो गया है कि ऋतु राज का आगमन हो चुका है। ऋतुराज वसंत अपने साथ प्राकृतिक आनंद लेने की सुःखद सौगात लेकर आपके घर आँगन में अपनी उपस्थित दर्ज करा दी है। जिस की चर्चा गाँव में बुजुर्गों के चौपाल,पनघट पर पन हारियों की घूंघट के अन्दर से निकलती विरह की गीतों सुनाई पड़ने लगी है। बसंत आगमन की खुशी में बाग - बगीचे व उपवन में रंग बिरंगे सुमन की सुगंध चहुं दिशाओं यें महक उठी है,चिड़ियाँ चहकने लगी है।प्रकृति का पराग पर्यावरण में इस कदर छलका है कि देश का सम्पूर्ण परिवेश आनंदित हो गया है।सारे जहान में सरसता ही सरसता झलकता है ,किन्तु आज प्रातः काल से आकाश घने काले बादल के आगोश में भगवान भुवन भास्कर छिपा है।मै अपनी विस्तर पर लेटा ही था,तभी मेरी नजर अनायास ही समाने की दीवार पर टंगे हुए पर पड़ते ही पता चला कि आज हिन्दी पंचाग के अनुसार माघ मास का आगमन हो चुका है जो कि बसंत ऋतु का आगमन की शुभ सन्देश दे रहा है। वसंत के मनमोहक मादकता की महक से भरे वातावरण में प्रकृति रानी एक नव नवेली दुल्हन की तरह सातों श्रृंगार करने के लिए तत्पर है% वही ओर पर्वत राज हिमालय के स्वेत हिम खण्डों से सर्द हवाओं का हाड़ कप कपाने वाली सर्दी हम कहानी सम्राट मुंशी प्रेमचंद जी द्वारा लिखित कहानी %पुस की रात %की यादें ताजा कर रही है। आज के भौतिकवादी युग में वसंत की यादें धूमिल सी हो गई है। खासकर विकाश के नाम पर जगह - जगह विकाश काय कंकरीट के जंगल गगन चुम्बी इमारतों में रहने वाले समाज के सभ्य मानव मशीनों की तरह अपने जीवन जीने को मजबूर है।

मै सोचने को बाध्य हो गया हुँ कि काश इस समय मै अपने गाँव में होता जहाँ ऋतु राज वसंत आगमन के स्वागत में गाँव के सभी बच्चे बड़े ,नव युवक - नव युवतियां% किसान व ग्रहणी अपने अपने स्तर तैयारियो में जुट जाते है। अन्न दाता किसान अपने खेतों में लहराते हुए रवि फसलों में लगे हरे हरे गेंहू की बाली,चने - मटर व तीसी के रंग बिरगें फुलों के संग वसंत वयारो प्रकृति अपनी अल्हड यौवन की अटखेलियाँ थकते नही है।यहाँ के सभी वन उपवन में खिले रंग विरंगें फुलों से स्वयं प्रकृति ने श्रृंगार किया है। तभी तो रसिक भंवर में अपने मधुर संगीत की प्रेम घुन छेड़ दी है।संगीत के मर्मज्ञ संगीतकारों ने अपनी साज व बाध्य यंत्रो से संगीत के मधुर रस घुलने वाली तान का रियाज करने में व्यस्त हो गए है। गाँवो के गवैये ने फागुन के गीत फाग व होली की गीत की मधुर संगीत स्वर सुनाई पड़ने लगे है। इस वासंतिक स्पर्श से साधकों का अन्त करण भी कैसे अछुता रह सकता है। साधकों के संकल्प में नये सुमन खिले है जो साधना में बिखेर रही है।अपने सदुरु की सानिध्य में साधकों द्वारा साधना के सातो स्वर आस्था,श्रद्धा,सेवा , समपर्ण,त्याग %करूणा व प्रेम ने माधुर्य रस बरसाने लगे है। सद्गुरू प्रेम के सरगम ने साधकों के अंत करण इस कदर तान छेडी है कि आज सम्पूर्ण वातावरण स्पंदित होने लगा है।यहाँ तक की स्वयं अज्ञानता रूपी अंधकार से ज्ञान रूपी प्रकाश अथार्त स्वयं ज्ञान की देवी सरस्वती विभोर व भाव विहल हो कर महाप्रज्ञा कि ऋतम्भरा बन कर समस्त मानव समुदाय को वरदान देते हुए साधको के अन्तस के अस्तित्व में स्वयं अवतरित हो रही है।वसंत की उपस्थित में सदा मौन रहने वाला पर्वतराज हिमालय भी आज अपने आप को अछुता नही रख पाया है।वंसत के माधुर्य वयारों से हिमखंड हिमालय को मुखर कर दिया है। उससे गुजरने वाला वायु के वातरस में बहने वाली नदियों की जल घारा में मिठास घोल दी है।

# कहो तो कह दूं । क्या दिन आ गए यमराज के, बेचारे मालखाने में बंद पड़े हैं

### सूडोकु नवताल- 5976

✱✲✲✲✲ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | | | 3 | | 6 | 1 | |
| 6 | 7 | | 9 | | 4 | | 2 | |
| 2 | | | | | 1 | | | 4 |
| | 3 | 9 | | | 7 | | | |
| | 6 | 2 | | 8 | | 4 | 7 | |
| | | | 6 | | | 9 | 3 | |
| 3 | | | 5 | | | | | 7 |
| | 4 | | 1 | | 6 | | 8 | 3 |
| | 8 | 5 | | 7 | | | 9 | 6 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -5975 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |
| 9 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 |
| 2 | 5 | 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 7 | 2 | 9 | 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |

**चैतन्य भट्ट**



अपने को तो ये मालूम है कि यमराज से बढ़कर और कोइ नहीं होता, जब चाहे जिसे उठा लें, भैसे पे बैठ कर कब आ जाए कोई नहीं जानता उनके यमदूत कब आकर कहें कि चलो बुलावा आया है यमराज ने बुलाया है इसलिए यमराज के नाम से ही लोगों की सिटी पिट्टी गम हो जाती है, लेकिन कलयुग तो देखो जो यमराज सारी दुनिया को अलसेट देने के लिए मशहूर हो उस यमराज की ऐसी दुर्दशा इस कलियुग में हो रही है कि अब उनसे डर नहीं लगता बल्कि उन पर तरस आने लगा है द्य हुआ यूं कि भिंड केएक मंदिर से शनि महाराज की प्रतिमा चोरी चली गयी वैसे तो शनि महाराज को कोई पसंद नहीं करता, शनि की साढ़े साती से हर आदमी भयाक्रांत रहता है पंडितों को कुंडली दिखलाता है शनिदेव को खुश करने के उपाय पूछता है, बजरंगबली की पूजा अर्चना शुरू कर देता है, लेकिन शनि महाराज खफा न हो जाए इसलिए इलाके के लोगों ने पुलिस को बत्ती देना शुरू कर दी अब पुलिस भी भारी हलाकान कि आखिर शनि देव की प्रतिमा वापस लाये तो कंहा से लाएं, खोज बीन करी और एक दो चोरो को पकड़ कर एक प्रतिमा उनसे बरामद करके पंहुच गए इलाके के लोगो के पास कि लो भैया हमने खोज ली है है आपके शनि महाराज की मूर्ति लेकिन लोगों ने साफ़ मना कर दिया की ये शनि महाराज की नहीं बल्कि यमराज की प्रतिमा है पुलिस वालों ने खूब समझाया कि यार शनि महाराज हो या यमराज दोनो ही अड़ी पटकते है इन्हें ही रख लो शनि महाराज समझ कर, दोनों की कद काठी और रंग एक सा ही है पर इलाके के लोग नहीं माने अब पुलिस वाले उस प्रतिमा का क्या करते सो उन्होंने यमराज जी को मालखाने में पटक दिया और बाहर से ताला लगा दिया, बेचारे यमराज मालखाने में पड़े है और रास्ता देख रहे है अपनी आजादी का लेकिन पुलिस थाने का मालखाना कोई ऐसी जगह तो है नहीं जिससे कोई निकल पाए यमराज भी सोच रहे है कि कंहा आकर फंस गए , जिन इंसानो को दम देने का ठेका अपने पास था वे अपने को ऐसी अलसेट देंगे कभी सोचा भी नहीं था, अपने को तो लगता है कि अब यमराज महोदय परमानेंटली मालखाने में ही बंद पड़े रहेंगे अब न तो उनके यमदूत काम आ रहे है न उनका जलवा।

किसने कहा था मिडिल क्लास में जन्म लो भारत सरकार का बजट आ गया, मिडिल क्लास वालों को बड़ी उम्मीद थी कि सरकार उनके लिए भी कुछ सोचेगी और कुछ नहीं तो इनकम टेक्स का स्लेब ही बढ़ा देगी , लेकिन हुआ क्या, स्लेब जैसा था वैसा ही बना रहा मिडिल क्लास वाले दिल के अरमा आँसुओं मैं बह गये गाते गाते सरकार को कोस रहे हैं इधर सरकार का कहना है कि अपन ने तो पहले ही घोषणा कर दी है कि मिडिल क्लास से अपना कोई लेना देना नहीं है वे अपनी व्यवस्थाएं खुद देखें हम तो गरीब और अमीर को ही देखेंगे मिडिल क्लास वाले बेचारे बड़े दुखी हैं पर अपना कहना है मिडिल क्लास वालों से कि भैया तुमसे किसने कहा था कि मिडिल क्लास में पैदा हो जाओ, हो जाते अम्बानी अडानी टाटा बिड़ला के घर में लेकिन आप लोगों को तो मिडिल क्लास में ही जन्म लेना था तो भोगो, वैसे भी मंझले यानी मिडिल बेटे को कोई प्यार नहीं करता, बड़ा बेटा बाप का प्यारा होता है और छोटा बेटा मां को प्यारा लगता है, मंझला बीच में झूलता रहता है तो यही सरकार कर रही है अमीर बड़ा बेटा हैं और गरीब छोटा आप लोग मंझले हो तो जिंदगी भर सरकार के प्यार को तरसते रहोगे, अब कसम खा लो कि अगले जनम में भगवान् से यही रिक्वेस्ट करना की आप हमें कुछ भी बना देना चिड़िया बना देना, तेंदुआ बना देना, हाथी बना देना लकड़बघ्घा बना देना लेकिन इंसान न बनाना और यदि ऊपर वाला इंसान बनाने की ही जिद पकड़ ले तो भूलकर भी मिडिल क्लास में जनम मत लेना समझ गए न वैसे भी बड़े बूढ़े कह गए है कि कर्जा लेना बुरी बात है, कर्जा इंसान को चैन से जीने नहीं देता लेकिन आजकल तो पूरी दुनिया कर्जे में ही जी रही है, ऐसा कौन सा इंसान है जो ईएमआई न चुकाता हो।

## कोयल अचानक मौन हो गई, लताजी का महाप्रयाण

**शरद नारायण खरे**

भारत रत्न कोकिलकंठी गायिका व सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर जी भारत की सबसे लोकप्रिय और आदरणीय गायिका रही हैं, जिनका छः दशकों का कार्यकाल उपलब्धियों से भरा पड़ा रहा। हालाँकि लता जी ने लगभग तीस से ज्यादा भाषाओं में फ़िल्मी और गैर-फ़िल्मी गाने गाये हैं लेकिन उनकी पहचान भारतीय सिनेमा में एक पार्श्वगायक के रूप में रही है। अपनी बहन आशा भोंसले के साथ लता जी का फ़िल्मी गायन में सबसे बड़ा योगदान रहा है। लता की जादुई आवाज़ के भारतीय उपमहाद्वीप के साथ-साथ पूरी दुनिया में दीवाने हैं। टाईम पत्रिका ने उन्हें भारतीय पार्श्वगायन की अपरिहार्य और एकछत्र साम्राज्ञी स्वीकार किया है।लता मंगेशकर का जन्म मराठी बोलने वाले गोमंतक मराठा परिवार में, मध्यप्रदेश के इंदौर में हुआ था। उनके पिता पंडित दीनानाथ मंगेशकर एक क्लासिकल गायक और थिएटर एक्टर थे। उनकी माता शेवंती (शुधामती) महाराष्ट्र के थालनेर से थी और वह दीनानाथ की दूसरी पत्नी थी। परिवार का उपनाम (सरनेम) हर्डीकर थे, लेकिन दीनानाथ ने इसे बदल्कार मंगेशकर रखा, ताकि उनका नाम उनके पारिवारिक गाँव मंगेशी, गोवा का प्रतिनिधित्व करे। जन्म के समय लता का नाम ÷हेमा÷ रखा गया था लेकिन बाद में उनका नाम बदलकर लता रखा गया था। लता अपने माता-पिता की पहली संतान है। इसके साथ ही मीना, आशा भोसले, उषा और हृदयनाथ उनके भाई-बहन है।

## मेरे पापा का जन्मदिन



आज जन्म दिवस है जन्मदाता का
सदा खुश रहे मेरे घर के विधाता का
आज जन्म दिवस है मेरे पापा का
रखा जिन्होंने सदा ध्यान
मेरे दादा दादी का सदा किया मान
अपने भाई बहनों का किया सदा सम्मान
मेरे पापा की ऊंची है शान
सदा खुश रहे मेरे पापा
जिनका जन्म दिवस है आज

हमें पढ़ना लिखना सिखाया
हमें अपने काबिल बनाया
दिन रात जाग उन्होंने
धन इतना है जुटाया
इच्छा हो हम सब की पूरी
जीवन भर खूब कमाया

पूरे हो सपने उनके
जिन्होंने गांव का मान बढ़ाया
सरपंच के पद पर बैठे हो
हर फर्ज को पूरा निभाया
आदर्श पिता वह सदा रहे
हर हाल में जीना सिखाया
शत शत नमन मेरे पापा को
आज जन्म दिवस शुभ आया।

राधा शर्मा
इंदौर मध्य प्रदेश

# शहर में अमन शांति के लिए साइकिल पर निकले पुलिस कप्तान



## लगातार जिले के थानों का निरीक्षण कर व्यापारियों में पुलिस के प्रति विश्वास बनाने में जुटे

**मुरैना।** शहर एवं जिले में अमन शांति कायम रहे तथा अपराधियों में खौफ पैदा हो, इसके लिए पुलिस कप्तान लगातार प्रयास कर रहे हैं और शहर के साथ-साथ जिले की तहसीलों में भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर लोगों के मन में पुलिस के प्रति विश्वास पैदा करने का काम कर रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार की सुबह वह अपने बैरियर चौराहा से शहर के भ्रमण पर साइकिल से निकले तथा उनके पीछे पूरा पुलिस का काफिला चल रहा था। पुलिस कप्तान आशुतोष बागरी ने पिछले मंगलवार को जिले का पदभार संभाला था और उसके बाद से ही वह सक्रियता के साथ शहर व जिले में कानून व्यवस्था को कायम रखने के लिए कवायद कर रहे हैं तथा अधीनस्थ अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए आम जनता से भी रूबरू हो रहे हैं, ताकि लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास पैदा हो। श्री बागरी सोमवार की सुबह पुलिस काफिले के साथ बेरियल चौराहा से एमएस रोड होते हुए शहर के विभिन्न मार्गों पर निकले और लोगों से कहा कि वह भय मुक्त रहें और अपराधियों के संबंध में गोपनीय सूचना पुलिस को दें। उन्होंने पिछले कुछ दिनों में शहर के तमाम प्रबुद्ध जनों से पुलिस व्यवस्था को लेकर चर्चा की है, तो वहीं जिले की तहसीलों में भी वह पहुंच रहे हैं, जिससे कि पुलिस को सक्रिय किया जा सके। रविवार को वह जिले की अंबाह तहसील पहुंचे और वहां थाने का निरीक्षण करने के बाद नगर में घूमे तथा व्यापारियों से भी चर्चा कर उन्हें भय मुक्त रहने की बात कही। श्री बागरी ने अंबाह थाना प्रभारी को निर्देश दिए कि वह शहर के कोचिंग संस्थान वाले इलाकों में सघन गश्त करें और आवारा तत्वों को बिठाकर समझाएं तथा उनके परिजनों को बुलाकर अवगत कराएं और फिर से दोबारा गलती करते हैं तो केस कायम करें। श्री बागरी ने मुरैना में भी कोचिंग संस्थान वाले इलाकों में पुलिस कर्मचारियों को सक्रियता से मुस्तैद रहने की हिदायत दी है। उनकी कार्यप्रणाली से शहर एवं जिले के लोगों को आभास हो रहा है कि पुलिस है अन्यथा पिछले कुछ महीनों से तो ऐसा लग रहा था, जैसे पुलिस है ही नहीं तथा अपराधी आए दिन वारदात कर रहे थे।



## मेवरा ने मृतक पशु पलकों को मुआवजा देने दिया एसडीएम को ज्ञापन

**मुरैना।** विजयपुर से पूर्व विधायक एवं पूर्व मंत्री रहे बाबूलाल मेवरा ने शिवलाल पुरा में पशुओं की हुई मौत पर मुआवजा देने की मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी विजयपुर द्वारा पूर्व राज्य मंत्री एवं पूर्व विधायक बाबूलाल मेवरा के नेतृत्व में ग्राम शिवलाल पुरा ग्रामीण वासियों के साथ एसडीएम विजयपुर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें विजपयुर तहसील की ग्राम शिवलाल पुरा में अज्ञात बीमारीयों के कारण मवेशियों की आए दिन हो रही मौतों पर चिंता जाहिर की और पशुपालकों को उचित मुआवजा देने की मांग की गई। पूर्व विधायक ने बीमारी की रोकथाम को लेकर युद्ध स्तर कार्य कर पशुओं का इलाज करने की मांग की है जिससे कि पशुओं की अकाल मौत को रोका जा सके। ज्ञापन देने बालों में प्रदेश सचिव यूथ कांग्रेस अंशुमान रावत, ब्लॉक अध्यक्ष कोंग्रेस श्रीधर सिंह गुर्जर,आसाराम सोनी, रहमान उर्फ मल्ली खान, ब्लॉक अध्यक्ष कोंग्रेस अल्प संख्यक आमिर खान, सलीम खान, हनीफ खान, दुर्जन आदिवासी, अंगद आदिवासी, याकूब खान, अंगद आदिवासी, इंदर आदिवासी, आरिफ खान, पूरन कुशवाह सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

## विवाह आयोजन में 250 लोगों की सीमा समाप्त

**मुरैना।** राज्य शासन द्वारा कोविड-19 संक्रमण की वर्तमान स्थिति के दृष्टिगत विवाह आयोजनों में दोनों पक्षों को मिलाकर 250 लोगों की अधिकतम उपस्थिति की सीमा को समाप्त कर दिया है। विवाह आयोजन के दौरान मास्क का उपयोग, सोशल डिस्टेंसिंग, सेनेटाइजर का पालन किया जाना अनिवार्य होगा। इस आशय के निर्देश अपर मुख्य सचिव गृह डॉ. राजेश राजौरा ने जारी कर सभी कलेक्टर्स को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि पूर्व में जारी आदेश की शेष कंडिकाएँ यथावत लागू रहेंगी।

# अंडर ब्रिज को चालू करने, फुट ब्रिज बनाने को लेकर मार्केट किया बंद, ज्ञापन सौंपा

**मुरैना।** सोमवार की सुबह फाटक बाहर के दुकानदारों ने अंडर ब्रिज पर बैरिकेट्स लगाकर रास्ता बंद करने के विरोध में बाजार बंद रखकर आक्रोश जताया और फुट ब्रिज बनाने की मांग करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन दिया। ज्ञापन देने वालों में फाटक बाहर एसोसिएशन के अलावा भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के अध्यक्ष भी शामिल थे।

गौरतलब है कि लोगों की सहूलियत एवं ट्रेन हादसों से आमजन को बचाने के लिए वर्षों पूर्व अंडर ब्रिज का निर्माण रेलवे एवं शासन द्वारा मिलकर कराया गया, लेकिन यह अंडर ब्रिज बरसातों में परेशानी का सबब बन गया है। हाल ही में जाम के चलते प्रशासन द्वारा अंडर ब्रिज को बैरिकेट्स लगाकर दोनों ओर से बंद कर दिया गया, जिससे पाठक बाहर से लोगों का शहर में आना बंद हो गया और ओवरब्रिज से होकर आना पड़ रहा था।




इस कारण फाटक बाहर के दुकानदारों की दुकानदारी प्रभावित हो गई और आर्थिक नुकसान होने लगा तो वहीं आमजन को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी के चलते सोमवार को फाटक बाहर एसोसिएशन द्वारा मार्केट बंद कर विरोध जताया गया तथा अंडर ब्रिज को चालू करने के अलावा फुट ब्रिज बनाने की मांग की गई। इस संबंध में भाजपा नगर मंडल के अध्यक्ष अनूप जैन ने भी जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर अंडर ब्रिज को चालू करने एवं फुटब्रिज बनाने की मांग की है।

# देवनारायण भगवान का जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया



**मुरैना।** गुर्जर आराध्य देव श्री देवनारायण भगवान का जन्मोत्सव जीवाजी गंज पार्क में दीप प्रज्वलित तथा माल्यार्पण कर मनाया गया। इस मौके पर ऑल इंडिया गुर्जर विकास संगठन के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह हर्षाना ने समाज को संदेश दिया कि समाज के सभी लोग अपने-अपने घरों में भगवान देवनारायण जी के जन्मोत्सव को एक त्योहार के रूप में मनाए तथा भगवान को रबड़ी, दूध, दही, मावा का भोग लगाकर तथा दीप जलाकर पूजा अर्चना करें। इस मौके पर जनपद पंचायत के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह कंसाना ,पूर्व पार्षद जबर सिंह हर्षाना, रुस्तम सिंह बिधूड़ी, युवा के जिला अध्यक्ष इंजी.प्रताप गुर्जर, कांग्रेस नेता जितेंद्र सिंह घुरैया, विजय सिंह गुर्जर, दामोदर सिंह, कांग्रेस पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष यशपाल हर्षाना, योगेंद्र सिंह गुर्जर, नरेंद्र सिंह बिधूड़ी, अमर सिंह पटेल, गौरव कंसाना, राजवीर बैंसला, रुस्तम सिंह गुर्जर एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।



# माता-पिता के साथ कैलारस शादी में शामिल होने आई 5 साल की बच्ची हुई गुम, पुलिस ने 2 घंटे में खोजा

**कैलारस।** श्रीमान पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी मुरैना जिले की कप्तान कमान संभालने के पहले ही दिन से अपने अधीनस्थों को प्रतिदिन एक अच्छा काम करने की प्रणाम उसी तारतम्य में थाना कैलारस द्वारा एक 5 साल की बच्ची को गुम होने के 2 घंटे बाद परिजनों को सुपर्द कर दिया। उपनिरीक्षक प्रीति जादौन को बच्ची के पिता मातादीन पुत्र सामंत कुशवाह निवासी कुंवारी बिलगॉव ने बताया कि जगदीश कुशवाहा निवासी कुशवाह मोहल्ला के साथ आया की मेरी बच्ची खेलते-खेलते कहीं चली गई है। उक्त सूचना पर उपनिरीक्षक प्रीति जादौन मय फोर्स के नाबालिक बच्ची के पिता के साथ रवाना होकर शहर के संभावित स्थानों पर बच्ची का फोटो लेकर तलाश किया। पहाड़गढ़ रोड पर चाय की दुकान लगाने वाले पवन सिंघल एवं सैलून की दुकान करने वाले सुनील श्रीवास को फोटो दिखाया तो उन्होंने बताया कि यह बच्ची एक दुकान के पास बैठी है। तब बताए स्थान के पास पहुंचे तो बच्ची के पिता ने बच्ची को पहचान लिया और बच्ची को उसके पिता को सुपुर्द कर दिया। इस कार्रवाई में बच्ची के मिलने पर परिजनों एवं वहां मौजूद लोगों ने इस कार्य की सराहना की। उपनिरीक्षक प्रीति जाधव, आरक्षक देवेंद्र गुर्जर, महेंद्र शर्मा की सराहनीय भूमिका रही। नगर निरीक्षक कैलारस वेदेंद्र कुशवाह ने स्टाफ के नेक कार्य की सराहना की है।



# युवाओं ने जौरा में मनाया भाई जी दिवस, श्रद्धा सुमन किए अर्पित

**जौरा।** विख्यात गांधीवादी स्व. डॉ एस एन सुब्बराव जिनको प्यार से भाई जी कहते हैं, उनकी समाधि स्थल पर सोमवार को उनके जन्म दिवस के अवसर पर भाई जी दिवस मनाते हुए 28 राज्यों से आए हुए युवा भाई बहनों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। चंबल घाटी के जौरा स्थित महात्मा गांधी सेवा आश्रम में इस अवसर पर भाई जी स्मृति समारोह का आयोजन किया गया। देशभर के युवाओं के द्वारा अपने अपने जगह से लाई हुई मिट्टी को समाधि स्थल पर समर्पित किया गया। इसके पश्चात देश भर से लाए हुए पौधों का भी वृक्षारोपण किया गया। तत्पश्चात भाई जी समृति समारोह में 7 फरवरी जन्म दिवस के अवसर पर समारोह आयोजित हुआ, जिसमें आज का दिन भाई जी दिवस के रुप में याद किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सर्वसेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष गांधीवादी चंदनपाल ने की। इस अवसर पर महात्मा गांधी सेवा आश्रम के अध्यक्ष एवं सर्व समाज के संयोजक राजगोपाल पी. व्ही., राष्ट्रीय युवा योजना के न्यासी के. सुकुमारन, मधुसूदन, महेन्द्र नागर सर्व सेवा संघ के अशोकशरण, प्रभारी विनय गुप्ता, प्यारी बहिन, इति बहिन आदि उपस्थित थे। महात्मा गांधी सेवा आश्रम के



सचिव डा. रनसिंह परमार ने भाई जी को नमन करते हुये देश भर से जो लोग भाई जी के दिवस पर गांधी आश्रम जौरा में पधारें हैं, उनको भी नमन किया। उन्होने सभी से अनुरोध किया कि जो लोग यहां आये हैं, वह यहां से भाई जी के आदर्शों और उनके विचारों को देश भर में लेकर जायेगें और कार्य करेगें। इस अवसर पर पर गांधीवादी पी.व्ही. राजगोपाल ने अपने संदेश में कहा कि आज हम सब भाई जी के शांति और सेवा कार्यों से प्रेरणा लेकर समाज में दूरियों को पाटने का काम कर सकते हैं। हमें विश्वास हे कि सभी अच्छे लोग हैं, निश्चित ही दूरियों को खत्म कर देश में शांति, सदभाव और भाईचारे का महोल निर्मित करते रहेगें।

# पुलिसकर्मी गरीब किसानों को कर रहे प्रताड़ित एसपी को दिया आवेदन किसान को रेत माफिया बना डाला

**जिला ब्यूरो चीफ टीकमगढ़ अजय खंगार की रिपोर्ट**

***टीकमगढ़***। आज दिनांक 06/02/2022 दिन रविवार को बुंदेलखंड किसान मजदूर संघ के प्रतिनिधि मंडल ने जिला टीकमगढ़ मध्य प्रदेश एसपी से की मुलाकात एवं पलेरा थाने के पुलिसकर्मियों द्वारा लगातार जो गरीब किसानों को प्रताड़ित किया जा रहा है उससे कराया अवगत एवं सौंपा आवेदन आवेदन में मुख्य रूप से कहा गया कि दिनांक 01/02/22 शाम 7-00 बजे की घटना है प्रार्थी घनेंद्र यादव तनय प्रमोद यादव(बुंदेलखंड किसान मजदूर संघ बुंदेलखंड प्रभारी) निवासी गीजर खिरक तहसील पलेरा जिला टीकमगढ़ मध्य प्रदेश का ट्रैक्टर जिसका नंबर यूपी 95-6608 पावर ट्रेक 435 चेचिस नंबर 3442449 इंजन नंबर 1033ई दिनांक 1/2 /2022 को बृजलाल तनय नथू कुशवाहा निवासी बम्हौरिया थाना पलेरा जिला टीकमगढ़ मध्य प्रदेश के बारे में खड़ा था लगभग शाम 7-00 बजे थाना पलेरा के सिपाही जितेंद्र राजपूत, सत्येंद्र चौहान, संजय राजपूत, अनूप अनुरागी, अरविंद यादव एवं अंडर 2 सिपाही एवं अन्य दो सिविल के व्यक्ति अपनी मोटर साइकिलो से एक चार पहिया वाहन से बृजलाल के बाड़े में पहुंचे और जबरजस्ती ट्रैक्टर एवं खाली ट्राली पर बैठे और ट्रैक्टर धक्के से स्टार्ट कराया और जबरजस्ती ट्रैक्टर सत्येंद्र चौहान लेकर भागे तब जितेंद्र राजपूत बोला ट्रैक्टर लेकर थाने चलो तब जयराम कुशवाह निवासी बमोरिया ने घनेंद्र यादव के फोन पर फोन किया कि पलेरा थाना की पुलिस तुम्हारा खाली ट्रैक्टर मय ट्राली के लिए जा रहे हैं तब घनेंद्र यादव के द्वारा अपने पिता प्रमोद यादव के मोबाइल पर



फोन लगाया फोन लगाने के बाद जगदीश अपनी मोटरसाइकिल लेकर आए तब है पुरा गांव के पास प्रमोद यादव एवं पुष्पेंद्र मिश्रा एवं उपेंद्र यादव सभी लोग पहुंच गए तब पुलिस की मोटरसाइकिल एवं गाड़ी पीछे लगी थी तब प्रमोद यादव के द्वारा कहा गया कि मेरा ट्रैक्टर क्यों ले जा रहे हैं तब आरक्षक जितेंद्र राजपूत के द्वारा प्रमोद यादव को गंदी गंदी गालियां दी गई प्रमोद यादव के द्वारा खाली ट्रैक्टर की रिकॉर्डिंग वीडियो ग्राफी अपने मोबाइल के कैमरे में कैद कर ली खाली ट्रैक्टर सत्येंद्र चौहान चला रहे थे, पुलिस के द्वारा रास्ते में प्रमोद यादव एवं अन्य साथियों को मारने का प्रयास भी किया गया परंतु जैसे ही यह लोग थाने के पास पहुंचे तो घनेंद्र यादव को पुलिस कर्मियों द्वारा पकड़ कर उनका मोबाइल छीन कर थाने के अंदर लॉकअप में बंद कर दिया एवं उनका मोबाइल रीसेट कर दिया राजनीतिक दबाव के कारण ट्रैक्टर के ऊपर जबरदस्ती केस कर दिया आवेदन में मुख्य रूप से कहा गया कि कि अगर जल्द से जल्द शासन प्रशासन हमारे टीकमगढ़ जिले के एसपी एवं कलेक्टर महोदय एवं हमारे मध्य प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान जी जल्द से जल्द इन सभी की उचित जांच करा कर उन्हें बर्खास्त किया जाए एवं इन पर केस किया जाए यदि हमारी समस्या का निराकरण जल्द से जल्द नहीं होता है तो हम सभी बुंदेलखंड किसान मजदूर संघ के पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं किसान आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी आवेदन देते समय मुख्य रूप से घनेंद्र यादव, प्रमोद यादव बुंदेलखंड प्रभारी बुंदेलखंड किसान मजदूर संघ, राष्ट्रीय संगठन मंत्री एडवोकेट सत्येंद्र प्रकाश खरे, नीरज कुमार यादव उर्फ राजा भैया राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा, कुमारी सपना राजा परमार राष्ट्रीय महासचिव महिला मोर्चा, दिनेश कुमार निरंजन राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मनीष यादव राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी, ज्योति शुक्ला राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा, मनमोहन चढ़ार प्रदेश उपाध्यक्ष, आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे

## भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ लोगों को कर रहे लोगों को जागरूक - राहुल भदौरिया*

### घर चलो घर घर चलो अभियान के तहत कांग्रेस पहुँची ग्राम घड़ी में

**दैनिक पुष्पांजली टुडे बृजपाल सिंह गुर्जर**

**मेहगांव** – कोंग्रेस पार्टी द्वारा चलाए जा रहे घर चलो घर घर चलो अभियान के तहत जिला पंचायत सदस्य राहुल सिंह भदौरिया



गड़ी गाँव में पहुँचे ओर ग्राम चोपाल लगाकर कोंग्रेस सरकार की पन्द्रह महीने की उपलब्धियों के बारे में बताया आज भाजपा की सरकार में सबसे ज़्यादा दुर्दशा किसान ओर गाय की हो रही हे कमलनाथ जी ने 1 हजार गौशाला बनाने का काम किया था। जबकि भाजपा सरकार गौमाता के नाम पर सिर्फ़ दिखावा करने का काम करती है। कोंग्रेस सरकार में बिजली का बिल सौ रुपये आता था पेन्शन तीन सौ से बढ़ाकर छः सौ की गई थी। ओर भाजपा सरकार सिर्फ़ दिखावा का काम कर रही है। साथ में ह्ह्यह्ह्द्ध विधानसभा अध्यक्ष अंकित तोमर ने बताया की कांग्रेस सरकार ने गौशालाओं का निर्माण कराया था वहीं भाजपा सरकार के पास गायों को गौशालाओं में रखकर दाना पानी की भी व्यवस्था नही हो रही है। गाँव के कांग्रेस नेता इंद्रपाल सिंह बेश, रामरक्ष बेश, योगेन्द्र भदौरिया, मुन्ना भदौरिया, सचिन बेश डिंपल सिंह रामकेश शर्मा विनोद धाकरे, बँटी शुक्ला, गोल्डी राजोरिया, रजत मुदगल सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे

## अम्बाह पुलिस द्वारा कस्वा अम्बाह में हुई चोरी की घटना का खुलासा कर आरोपी को किया गिरफ्तार...



**केशब पंडित जी अम्बाह...??**

**अम्बाह...** पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी द्वारा मुरैना में जिले में चोरी की घटनाओ को रोकने एवं आपराधियों की विरुद्ध कड़ी कार्यवाही हेतु चलायें जा रहे अभियान की कड़ी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायसिह नरबरिया तथा अम्बाह एसडीओपी अशोक सिंह जादौन के मार्गदर्शन में थाना अम्बाह पुलिस द्वारा कस्वा अम्बाह को मुरैना रोड चुंगी नाका के पास अम्बाह मे मनोज जैन की गल्ले की दुकान मे से अज्ञात चोरो द्वारा 70 प्लास्टिक की बोरी बाजरा व 12 प्लास्टिक बोरी तिली की चोरी कर ले गये थे। उक्त चोरी की घटना को लेकर कस्वा अम्बाह के व्यापारी वर्ग द्वारा चोरी खोलने के लिये जोर दिया जा रहा था उक्त घटना को गम्भीरता पूर्वक लेकर बरिष्ट अधिकारीयों द्वारा दिये गये निर्देशो का पालन करते हुयें उक्त चोरी की घटना का खुलासा किया जा कर घटना के एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त मैक्स लोडिंग गाडी क्र.एम.पी.06-जी.ए.6538 व चोरी गये मसुरुका को विधिवत जप्त किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार, पारथ सिह परिहार. उमेश शर्मा, महेश शर्मा,जोगेन्द्र भदौरिया, कुशवेन्द्र सिंह,पुष्पेन्द्र सिंह, आनंद शर्मा, नारायण शर्मा,चालक मनीश सिरोठिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही...

## मेहगांव देवनारायण भगवान का जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया गया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे बृजपाल सिंह गुर्जर**

आज श्री सिद्ध नाथूबाबा आश्रम मेहगांव जिला



भिंड पर भगवान देवनारायण जन्म उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया जिसमें कार्यक्रम संचालन केशव दास महाराज और पप्पू बाबा अजमेर सिंह एडवोकेट, राजेंद्र सिंह, इंद्रभान सिंह बाबूजी, सिद्धार सिंह लालसिंह, बसंत सिंह , चुनना सिंह आदि।

## पिता के साथ कैलारस शादी में शामिल होने आई 5 साल की बच्ची हुई गुम , पुलिस ने 2 घंटे में खोज निकाला

### कैलारस पुलिस का नेक कार्य

**कैलारस से गौरव शर्मा पुष्पांजलि टुडे**

**कैलारस–** श्रीमान पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी मुरैना जिले की कप्तान कमान संभालने के पहले ही दिन से अपने अधीनस्थों को प्रतिदिन एक अच्छा काम करने की प्रणाम उसी तारतम्य में थाना कैलारस द्वारा आज एक 5 साल की बच्ची को गुम होने के 2 घंटे बाद परिजनों को सुपर्द कर दिया उपनिरीक्षक प्रीति जादौन को बच्ची के पिता मातादीन पुत्र सामंत कुशवाह निवासी कुंवारी बिलगाव ने बताया कि जगदीश कुशवाहा निवासी कुशवाह मोहल्ला के साथ आया की मेरी बच्ची खेलते खेलते कहीं चली गई है उक्त सूचना पर उपनिरीक्षक प्रीति जादौन मैं फोर्स के नाबालिक बच्ची के पिता के साथ रवाना होकर शहर के संभावित स्थानों पर बच्ची का फोटो लेकर तलाश किया पहाड़गढ़ रोड पर फोटो को दिखाया तो चाय की दुकान



लगाने वाले पवन सिंघल एवं सैलून की दुकान करने वाले सुनील श्रीवास को फोटो दिखाया तो उन्होंने बताया कि यह बच्ची एक दुकान के पास बैठी है तब बताएंगे स्थान के पास पहुंचे तो बच्ची के पिता ने बच्ची को पहचान लिया और बच्ची को उसके पिता को सुपुर्द कर दिया इस कार्रवाई में बच्चे मिलने पर परिजनों एवं वहां मौजूद लोगों ने इस कार्य की सराहना की उपनिरीक्षक प्रीति जादौन आरक्षक देवेंद्र गुर्जर महेंद्र शर्मा की सराहनीय भूमिका रही नगर निरीक्षक कैलारस वेदेंद्र कुशवाह ने स्टाफ के नेक कार्य की सराहना की

## शिव मंदिर पर पूजा अर्चना कर मनाया स्थापना दिवस



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड।शहर से 12 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम नीमगाँव में शिव मंदिर का स्थापना दिवस मनाया गया।मंदिर के पुजारी से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम नीमगांव में आज के दिन ही शिव मंदिर की स्थापना की गई थी जिसका सोमवार के दिन स्थापना दिवस खूब धूमधाम से मनाया गया।पुजारी श्री श्री1008 जगन्नाथ दास जी महाराज ने बताया कि मंदिर पर गाँव वासियो की बहुत आस्था है आपको बता दें कि इस मंदिर का निर्माण श्री नाथूराम करैया जी ने अपने ईष्ट देवों व पितरों की यादगार में करवाया था। आज शिव मंदिर के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में डॉ. रमाकान्त की अनुशंसा पर संजीव शर्मा जिला ब्यूरो आर बी न्यूज़ व उमाकान्त शर्मा संबाददाता चम्बल संभाग दैनिक पुष्पांजली टुडे ने पहुँच कर दर्शन लाभ उठाया तथा मंदिर की सजावट भी की।इस उपलक्ष्य में कई श्रद्धालुओं ने भी भोले बाबा के दर्शन किये।इनमें मुख्य रूप से शत्रुघ्न राजौरिया,अजय राजौरिया धर्मेंद्र पाराशर,उपेन्द्र पाराशर, अबधेश पुरोहित शामिल रहे।

## स्लग- पत्रकार अरशद अली और वंदना शर्मा का वह जोरदार स्वागत

### शिवपुरी से है यहां यूनिवर्सल ह्यूमन राइट काउंसिल राष्ट्रीय सदस्य एवं मीडिया प्रभारी

### मध्य प्रदेश अरशद अली एवं महिला प्रदेश अध्यक्ष वंदना शर्मा का जोरदार आतिशी स्वागत हुआ।

**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजलि टुडे**

प्रदेश अध्यक्ष मध्य प्रदेश यूनिवर्सल ह्यूमन राइट काउंसिल मोहम्मद दारा खान ने बताया कि यूनिवर्सल ह्यूमन राइट काउंसिल राष्ट्रीय अध्यक्ष तरुण बाकोलिया ने अरशद अली की समाज सेवा एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य देखकर*



अरशद अली को प्रदेश सचिव मध्य प्रदेश से प्रमोशन देकर राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं मीडिया प्रभारी मध्य प्रदेश बनाया। एवं महिला प्रदेश अध्यक्ष के लिए प्रदेश अध्यक्ष मध्य प्रदेश मोहम्मद दारा खान और जिला अध्यक्ष तारिक सिद्दीकी की अनुशंसा पर वंदना शर्मा को यूनिवर्सल ह्यूमन राइट काउंसिल मध्य प्रदेश महिला प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया* । दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों का प्रदेश कार्यालय अजीज शिकारी चौक पर समस्त मध्य प्रदेश के यूनिवर्सल ह्यूमन राइट काउंसिल पदाधिकारियों एवं शिवपुरी जिले के* *पदाधिकारियों ने जोरदार स्वागत किया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष यूनिवर्सल ह्यूमन राइट काउंसिल अशफाक हुसैन, प्रदेश अध्यक्ष मध्य प्रदेश मोहम्मद दारा खान, महिला प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती वंदना शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष अताउर्रहमान खान, शैलेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन मंत्री उमर खान, विशेष अतिथि राजेंद्र पिपलोदा जी प्रदेश प्रचार मंत्री सोहेल खान , जिला अध्यक्ष तारिक सिद्दीकी, गुना जिला अध्यक्ष अशफाक खान , ग्वालियर जिला अध्यक्ष नईम खान, जिला सचिव इमरान खान, सह सचिव शौकीन अहमद कर्मचारी नेता अरविंद सरैया विनोद कुमार खटीक, श्री मती शोभा नामदेव प्रेम चौधरी प्रदीप नरवरिया अनिल मलावरिया राजेश सेन उमाशंकर चौरसिया नरवर, वरिष्ठ पत्रकार सलीम खान आरती परिहार इमरान खान यूसुफ खान आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम के समापन में पधारे हुए सभी पदाधिकारीगण एवं सम्मानीय अतिथियों को स्वल्पाहार करा कर जिलाध्यक्ष तारिक सिद्दीकी ने आभार व्यक्त किया

## युवक के साथ हुई लाठी डंडों से मारपीट का हुआ वीडियो वायरल

**जिला ब्यूरो चीफ टीकमगढ़ अजय खंगार की रिपोर्ट**

**टीकमगढ़।** पप्पू राय निवासी ग्राम आलमपुरा, थाना पलेरा एस पी ऑफिस में ज्ञापन सौंपकर बताया है कि उनकी बुराई गाँव के कैलाश राय के परिवार से चल रही है । जो उसी बुराई पर से दिनांक 03.02.2022 को रात करीब 8.00 बजे की बात है । बड़े भाई अंशू राय घर से कुआं पर जा रहे थे कि रास्ते में गाँव के खेमचंद्र विश्वकर्मा एवं गोवर्धन सेन का झगड़ा चल रहा था तो में दोनों पक्षों को झगडा विवाद न करने की समझाईश देने लगा वही पर गाँव के कैलाश राय , अभिषेक राय , कमलेश राय , ललित राय , दर्शन राय , और मंयक राय , भी खड़े थे तो कैलाश राय गाली गलौज करने लगें कैलाश राय को गांली देने से मना किया तो कैलाश राय , अभिषेक राय , ललित राय , कमलेश राय , दर्शन राय और मंयक राय 6 लोग डंडा कुल्हाड़ी लेकर आये और मारपीट करने लगे

अंशु राय आया तो जान से मारने की नीयत से अभिषेक राय और दर्शन राय ने उसे पकड़ लिया और ललित राय ने उसके सिर पर कुल्हाड़ी मारी और





कमलेश राय ने डंडों से उसके पैरों में मारपीट की उसके सिर से कुल्हाड़ी मारने की वजह से खून निकलने लगा तो भागकर अपने घर में घुस गये । तो अनावेदकगण अभिषेक राय , ललित राय , कमलेश राय , कैलाश राय , दर्शन राय एंव मंयक राय घर में घुस आये और वहां पर डंडो से मारपीट कर मेरा मोबाईल ब 15 हजार रूपये छीन लिये । मौके पर गाँव के खेमचंद्र विश्वकर्मा , सतेन्द्र यादव , व मेरा बड़ा भाई अखिलेश राय आ गये जिन्होने उन्हें बचाया । तो अनावदेकगण जाते जाते कह रहे थे कि अगर रिपोर्ट करने थाने में गये या आगे से कही मिले तो जान से खत्म कर देंगे । फिर में अंशू राय व अखिलेश राय के साथ रिपोर्ट करने थाना गया था तो थाने पर पुलिस ने हमारे बताये अनुसार रिपोर्ट न लिखकर आरोपियों से मिलकर सांठ गांठ कर रिपोर्ट को घुमा - फिरा कर लिख रहे थे पुलिस को बताया अंशू राय के सिर में ललित राय ने कुल्हाड़ी मारी है । जो पुलिस नहीं लिख रही थी तो में बिना रिपोर्ट लिखाये अपने भाईयों के साथ बापिस आ कर छतरपुर ईलाज कराने चला गया था । बाद में पता चला कि पुलिस ने अपने अनुसार रिपोर्ट लिख ली है । जिस पर उसके और भाईयों के कोई हस्ताक्षर नहीं है । जिसके एस पी गुहार लगायी हैं कि आवेदक व भाई अंशू राय व गवाहों के न्यायालय के समक्ष धारा 164 के बयान कराये जाये।

## सेना दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित रक्तदान शिविर



**पुष्पाजंलि टुडे मैसूरू-** ब्लड ऑन कॉल क्लब, मैसूरू व लॉयंस ब्लड सेंटर जीवधारा, मैसूरू और नेशनल फेडरशन ऑफ वॉलंटरी ब्लड डोनर ऑर्गनाइजेशन, इंडिया (एन.एफ.वी.बी.डी.ओ.) के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय सेना दिवस के उपलक्ष्य पर शहर के सय्याजी राव मार्ग स्थित लॉयंस जीवधारा रक्तकोष परिसर में मंगलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे 90 युवक और युवतियों ने रक्तदान किया। क्लब के संस्थापक देवेन्द्र परिहारिया ने बताया कि हम नियमित प्रति माह रक्तदान शिविर का आयोजन कर रहे है। इसका मुख्य उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगो में रक्तदान के प्रति भय को खत्म कर जागरूकता लाना है। कोरोना काल में रक्त की भारी अभाव चल रहा है, गर्भवती महिलाओं, थैलेसीमिया बच्चो, कैंसर व डेंगू मरीजों और दुर्घटनाओं में घायल मरीजों को रक्त की सबसे ज्यादा जरूरत पड़ी है। शिविर में मुख्य अतिथि पूर्व भारतीय क्रिकेटर जवागल श्रीनाथ व मंडी मोहल्ला पुलिस थाना निरक्षक रघु, उप निरक्षक विश्वनाथ ने भी स्वैच्छिक रक्तदान किया। विशिष्ट अतिथि मैसूरू महानगर पालिका महापौर सुनंदा पालनेत्रा, पूर्व भारतीय नौसेना सैन्य अधिकारी रविकुमार ने रक्तदाताओं का हौंसला अफजाई किया। लॉयंस ब्लड सेंटर जीवधारा के निर्देशक एस.ई. गिरीश, ब्लड ऑन क्लब के संस्थापक आनंद मांडोत, सदस्य सुमा.आर., आदित्य अरविंद, समाजसेविका मालिनी प्रालक्षा, डॉ. ममता, भारती, जयंत,शारदा आदि उपस्थित रहे।

# सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर को अश्लील वीडियो कॉल भेज वसूली की कोशिश, केस दर्ज

**भोपाल।** भोपाल से सांसद और भाजपा की फायर ब्रांड नेत्री साध्वी प्रज्ञा ठाकुर को एक अश्लील वीडियो कॉल आया और उसके बाद वीडियो रिकार्डिंग भेजकर उनसे रकम एंठने की का प्रयास किया गया। सांसद की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार सांसद प्रज्ञा ठाकुर को दो अनजान मोबाइल फोन नंबरों से वीडियो कॉल आया। पुलिस को दी गई जानकारी में बताया गया है कि रविवार की शाम को वाट्सएप पर वीडियो कॉल आया, जिसमें एक लड़की ने बात की और कपड़े उतारना शुरु कर दिए। तभी उन्होंने कॉल डिस्कनेक्ट कर दिया। सांसद के करीबियों ने बताया कि उसी लड़की ने दूसरे फोन नंबर से उन्हें वीडियो भेजा, जिसमें रिकार्डिंग थी। आरोपी ने मांग पूरी न करने पर वीडियो रिकार्डिंग वायरल करने की धमकी दी। मामले की गंभीरता पर सांसद ने टीटी नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। टीटी नगर थाने के प्रभारी चेन सिंह रघुवंशी के मुताबिक, सांसद के निवास से सूचना आने पर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। बताया गया है कि आरोपियों ने पहले सांसद को अश्लील फोटो भेजे। उसके बाद फोन कर उनसे अशब्द और जान से मारने की धमकी दी। नंबरों को पता करने के लिए साइबर सेल की मदद ली जा रही है।

## पहले बाईक बुक की फिर कैसिंल कराकर ले लिया बुकिंग अमाउंट का चैक

**भोपाल।** शहर के अशोका गार्डन थाना इलाके मे बाइक शोरूम सचांलक के साथ ठगी का मामला सामने आया है। एक शातिर ने ठगी करने के लिये पहले तो शोरूम पर बाइक की बुकिंग की और बाद में बुकिंग कैसिंल कर दी। इसके बाद बुकिंग करते समय दी गई रकम को वापस मांगा। शोरुम द्वारा उसे बुकिंग अमाउंट का चैक दे दिया। इसके बाद आरोपी ने उस चेक में हेराफेरी करते हुए शोरूम संचालक के खाते से करीब दो लाख रुपए निकाल लिए। फरियादी ने इसकी लिखित शिकायत पुलिस से की, जिसके आधार पर आगे की जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसाल फरियादी सेबी सिंह ने अपनी शिकायत मे बताया कि वो बाइक शोरूम संचालक है। 8 नवंबर को उनके शोरुम पर आये विकास नामक युवक ने बाइक की बुकिंग करते हुए 5 हजार रुपये जमा किये थे। रकम देने के पांच दिन बाद वो वापस आया ओर पारिवारिक कारणो का हवाला देकर बाइक खरीदने से मना करते हुए जमा की गई रकम चेक के जरिए वापस देने को कहा। बाद मे 4 दिसंबर को शोरूम संचालक ने उसे निजी बैंक का पॉच हजार का चेक दे दिया। एक महीने से अधिक समय बीत जाने के बाद जब फरियादी ने बैंक की डिटेल चैक की तो उसे पता चला कि जिस पॉच हजार की रकम का चैक नंबर उन्होने विकास को दिया था, उससे पॉच हजार न निकालकर दो लाख की रकम इंदौर की बैंक शाखा से किसी महिला के एकांउट मे जमा कराई गई है। इसके बाद उन्होने इसकी पुलिस से शिकायत कर दी।

# ट्रक से टकराई विधुत लाइन और देखते ही देखते टूट गए विधुत पोल

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**





**दबोह-** नगर दबोह में सोमवार की सुबह कोंच रोड पर अफरा तफरी का माहौल बन गया और एक बड़ा हादसा होते होते टल गया।जिसमें काफी नुकसान के साथ जनहानि हो सकती थी।दरअसल सोमवार की सुबह लगभग 9 बजे कोंच रोड के मुख्य मार्ग पर एक ऊँचे ट्रक में विधुत की लाइन फंस गई जिससे मुख्य बाजार में सप्लाई के लिये गई 11केबी की लाइन टूट गई जिसमें उलझकर तीन बिधुत पोलो की भी हानि हुई।विधुत पोलो में 2 सीमेंट के पोल टूटे तो वहीं 1 लोहे का पोल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो हुआ।जिससे सोमवार की सुबह से ही पुरे नगर की विधुत सप्लाई ठप्प रही।घटना के दौरान प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार व्यापारियों ने बताया कि विधुत केबल रविवार की रात को ही टूटने से बची लेकिन सुबह होते ही इतना बड़ा हादसा हो गया।

### नगर परिषद की बड़ी लापरवाही हुई उजागर

सोमबार की सुबह नगर में बड़ा हादसा होने के बाद विधुत विभाग के दबोह जूनियर इंजीनियर अशोक डावर ने मीडिया से बातचीत के दौरान बताया कि बीते लगभग दो वर्ष पूर्व नगर परिषद दबोह ने कोंच रोड पर सड़क व डिवाइडर का निर्माण कार्य कराया था जिसमे निर्माण कार्य के पहले विधुत पोल शिफ्टिंग कराई जाती है परंतु नगर परिषद दबोह द्वारा एक लंबा समय बीत जाने के बाद नबम्बर 2021 में विधुत विभाग को पोल शिफ्टिंग के लिए स्टूमेट बनाकर दिया है जिसकी वजह से आये दिन नगर के कोंच रोड पर विधुत पोल व लाइने टूटने की घटना होती रहती है।

### इनका कहना

1-कोंच रोड पर नगर परिषद की लापरवाही के कारण आज इतना बड़ा हादसा होते होते टला है।फिलहाल तो नप ने स्टूमेंट दे दिया है,स्वीकृत होते ही जल्द पोल शिफ्टिंग का कार्य किया जाएगा।

**अशोक डावर**

2-सुबह तेज रफ्तार ट्रक की वजह से विद्युत पोल टूट गए जिसकी वजह जे अफरा तफरी मच गई थी।फिलहाल कोई जनहानि नही हुई।

**अनिल गुप्ता**
**कपड़ा व्यापारी**

3-मेरे घर के बाहर विधुत पोल टूट गया जिससे मेरा घर भी क्षतिग्रस्त हो सकता था।

**शिवकुमार गुप्ता**
**परा वाले**

# सीएमएचओ ने आशा और सुपरवाईजर पर की कार्यवाही

### योजना बनाकर कार्य करने की दी नसीहत

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** स्वास्थ्य संस्थाओं और स्वास्थ्य कार्यक्रमों का जायजा लेने औचक निरीक्षण पर निकले मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.पवन जैन ने काम में लापरवाही बरतने वाले स्वास्थ्यकर्मियों के विरूद्ध कडा रूख अख्तियार करते हुए 03 आशा सुपरवाईजर तथा 01 आशा कार्यकर्ता के विरूद्ध मानदेय काटने व अंतिम चेतवानी देने की कार्यवाही की है।

उल्लेखनीय है कि गतदिवस कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए काम में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.पवन जैन तथा जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.संजय ऋषीश्वर स्वास्थ्य संस्थाओं के औचक निरीक्षण के लिए निकले। जिसमें संस्थाओं का निरीक्षण कर कर्मचारियों से कमियां जानी और उनके समाधान सुझाए तथा काम के प्रति लापरवाही करने वाले कर्मचारियों को सख्त चेतावनी भी दी।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.संजय ऋषीश्वर ने बताया कि सतनवाडा विकासखण्ड में राजा की मुढेरी उपस्वास्थ्य केन्द्र में कार्यरत आशा सुपरवाईजर श्रीमती अंजू यादव 04 फरवरी को टीकाकरण सत्र के दौरान अनुपस्थित पाई गई इसलिए उनका 07 दिन का मानदेय काटते हुए अंतिम चेतवानी पत्र जारी किया गया है तथा इसी क्षेत्र की आशा कार्यकर्ता श्रीमती सरोज नामदेव के अनुपस्थित रहने, कोविड पेशेंट की डयू लिस्ट न होने तथा कार्य पर निर्धारित ड्रैस में न आने पर अंतिम चेतावनी दी गई।

डॉ.संजय ऋषीश्वर ने बताया कि इसी प्रकार बदरवास विकासखण्ड के उप स्वास्थ्य केन्द्र मथना, कुटवारा तथा अटलपुर, सुमैला क्षेत्र में कार्यरत श्रीमती क्षमा रजक और बाई जाटव के द्वारा एएनएम को प्रसूताओं के दस्तावेज न पहुचाने के कारण अनमोल पोर्टल की एंट्री में आए व्यवधान के कारण 03 दिन का मानदेय काटते हुए अंतिम चेतावनी पत्र जारी किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.पवन जैन ने स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि काम में लापरवाही वाले अब बख्शे नही जाऐंगे। जिस कर्मचारी का जो काम है अथवा जिस कर्मचारी को जो कार्य दिया गया है वह समय पर पूर्ण करे अथवा कार्यवाही के लिए तैयार रहे। अनमोल पोर्टल, आरसीएच पोर्टल, रिपोटिंग कार्य को कर्मचारी पहली बरियता देकर पूर्ण करें।




## पुलवामा शहीदों की स्मृति में नाइट क्रिकेट टूर्नामेण्ट का आयोजन 8 फरवरी से

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-**पुलवामा शहीदों की स्मृति में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 8 फरवरी से 14 फरवरी तक शहर के प्ले ग्राउंड में आयोजित किया जा रहा है।आयोजन कर्ता सागर यादव ने हैं। जानकारी देते हुए बताया कि हम पिछले 4 वर्षों से पुलवामा के शहीदों की स्मृति में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन करते चले आ रहे हैं जिसमें आइटीबीपी के जवान और सीआरपीएफ के जवानों के साथ पुलिस प्रशासन का सहयोग हर वर्ष हम को मिलता है क्योंकि हम सभी युवा साथियों के द्वारा पुलवामा के शहीदों को क्रिकेट टूर्नामेंट के माध्यम से श्रद्धांजलि देते इस क्रिकेट टूर्नामेंट में प्रथम विजेता टीम को 21000 की राशि और एक चमचमाती ट्रॉफी वही उपविजेता टीम को 11000 की राशि और ट्रॉफी प्रदान की जाएगी, टूर्नामेंट में शहर की 16 टीमें भाग लेंगी।प्रत्येक मैच 8 ओवर का होगा प्रत्येक मैच में मैन ऑफ द मैच दिया जाएगा कल आयोजन मैच में एसपी ऑफिस की टीम और सीआरपीएफ की टीम के बीच में मुकाबला होगा टूर्नामेंट को सफल बनाने की अपील करने वालों में, मोहित अग्रवाल, शिवा पराशर, रानू रघुवंशी, गिरीश मिश्रा मामा, कमल बाथम शेरा, अमरीश चाचा, निहाल, कपिल यादव, नजीर खान बाबू, रवि सेन, पवन धाकड़, संजय रावत, राजा रावत, अनिल ओझा, चीनू चावला आदि शामिल हैं।

## शासकीय प्राथमिक विद्यालय दुर्गापुर बडेरा के स्कूल की मोटर बा बोर को किया क्षतिग्रस्त

**राकेश परिहार पीटीवी न्यूज़ पिछोर,9691338626**

**पिछोर,** शासकीय प्राथमिक विद्यालय दुर्गापुर बडेरा के सरकारी स्कूल में लगी मोटर बोरवेल अज्ञात चोरों ने क्षतिग्रस्त कर दिया प्राप्त जानकारी के अनुसार सिंधिया समर्थक यू एस तिवारी व उनकी टीम ने सिंधिया जी व उनकी भतीजी काव्या तिवारी के जन्मदिवस पर वृक्षारोपण कराकर उनकी देखभाल का संकल्प लिया था और स्कूल परिसर व अन्य जगह पेड़ लगवाए थे जिन्हें स्कूल परिसर में लगे पानी के बोर से पानी मिलता था पर 4 फरवरी की रात को किसी अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मोटर एवं बोरवेल को क्षतिग्रस्त कर दिया गया जिसके बाद तिवारी ने पुलिस थाने पहुंचकर लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज करा कर सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के एवज में अपराधियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है



# मेहगांव में एक साथ सात गायों की हुई दर्दनाक मौत, मौके पर पहुंचा प्रशासन

**दैनिक पुष्पांजली टुडे बृजपाल सिंह गुर्जर**

मेहगांव तहसील से दो किलोमीटर दूर रसालदार पुरा में एक साथ सात गायों की मौत हो गई जिनमे से 5 गाय और 2 बछड़े भी थे। सात गायों की मौत की खबर जैसे जैसे लोगों को लगी वैसे ही ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। घटनास्थल पर गायों की दर्दनाक घटना को देखते समझ मे आता है कि गायों की मौत करंट लगने के कारण हुई है। क्योंकि सभी गाय एक साथ खेत की तार फेंसिंग पर पड़ी मिली। तथा सभी की आंखें फूटी हुई थी जिनमे से खून बह रहा था। लोगों का मानना है कि गायों की मौत का यदि कोई अन्य कारण होता तो गाय एक ही खेत की तार फेंसिंग से चिपक कर नही मरती। घटना मेहगांव के हाटबाजर से 2 किलोमीटर दूर रसालदार पुरा की है। इस दर्दनाक हादसे की खबर जैसे ही मेहगांव के लोगों को लगी तो इलाके में इस वीभत्स घटना की निंदा होने लगी।

### मौके पर पहुँचा प्रशासन, वेटनरी विभाग के डॉक्टरों से कराया पोस्टमार्टम

गायों की दर्दनाक मौत की खबर लगते ही प्रशासन ग्राम रसालदार पुरा पर घटनास्थल पर मय पुलिस बल के पहुंच गया। वहीं तहसीलदार आरएन खरे, पटवारी सौरभ पचौरी, विद्युत विभाग के ए ई प्रमोद त्यागी, पशु डॉक्टरों की टीम के साथ साथ नगरपरिषद मेहगांव का अमला पहुंच गया। पुलिस ने डॉक्टरों की टीम को मामले की जांच कर गायों के मृत शव को नगरपरिषद के अमले के साथ मौ रोड बम्बा के किनारे गड्ढे खुदवाकर दाह संस्कार करवाया।

### गायों की मौत पर करवाई करने के लिये एनएसयूआई ने दिया ज्ञापन



जैसे ही एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को गायों की दर्दनाक मौत का पता चला। एनएसयूआई के कार्यकर्ता पुलिस थाने में मामले की जांच कर कार्यवाही करने के लिये ज्ञापन देने पहुंचे। जिसमे विधानसभा अध्यक्ष अंकित तोमर ने पुलिस से तुरंत कार्यवाही कर दोषी व्यक्ति के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की।

# इंदौर दुग्ध संघ के रिटायर्ड अफसरों पर बरसी मेहरबानी

- नियमों को ताक पर रखकर 3 अफसरों को दे दी नियुक्ति
- 100 करोड़ के दो मलाईदार प्रोजेक्ट पर अफसरों की नजर
- तत्कालीन रजिस्ट्रार नरेश कुमार पाल की मनमानी से विभाग में आक्रोश

**भोपाल।** इंदौर दुग्ध सहकारी संघ में सेवानिवृत्त हो चुके तीन अफसरों पर बरसी मेहरबानी विवाद का रूप लेती जा रही है। इसकी वजह यह है कि नियमों को ताक पर रखकर मप्र स्टेट डेयरी को-ऑपरेटिव फेडरेशन ने इन्हें एक साल की सेवा नियुक्ति दे दी। इसे एक साल ओर बढ़ाने का भी प्रस्ताव है। इससे नए लोगों के अवसर ही खत्म हो गए, तो डेयरी फेडरेशन में आक्रोश बढ़ रहा है। बताया जा रहा है कि फेडरेशन के प्रबंधन ने तीनों अफसरों की नियुक्ति के लिए फेडरेशन के 1985 के कर्मचारी भर्ती वर्गीकरण तथा सेवा शर्ते विनियम में ही बदलाव कर दिया। हालांकि जो बदलाव करवाया गया था, उसे भी विलोपित कर दिया गया, लेकिन इनकी नियुक्ति यथावत है।

जानकारी के अनुसार इंदौर दुग्ध सहकारी संघ में लगभग 100 करोड़ के दो बड़े प्रोजेक्ट चल रहे हैं। इन प्रोजेक्ट में सेवानिवृत्त हो चुके तीन अफसरों प्रभारी सीईओ इंदौर दूग्ध संघ, एएन द्विवेदी, प्रभारी महाप्रबंधक एसजी जाधव और पशु चिकित्सा अधिकारी सह प्रभारी महाप्रबंधक डॉ ओपी झा की दिलचस्पी बढ़ती देख, मप्र स्टेट डेयरी को-ऑपरेटिव फेडरेशन ने इन्हें एक साल की सेवा नियुक्ति दे दी। इसे एक साल ओर बढ़ाने का भी प्रस्ताव है।डेयरी फेडरेशन ने सेवा शतों में बदलाव के लिए सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं के रजिस्ट्रार को प्रस्ताव भेजा था, जिस पर तत्कालीन रजिस्ट्रार नरेश कुमार पाल ने 29 दिसंबर, 2021 को 1985 के नियमों में संशोधन कर इनकी नियुक्ति के रास्ते खोल दिए और 31 दिसंबर 2021 को ही तीनों के नियुक्ति आदेश जारी हो गए। इसके बाद नरेश कुमार पाल ने अपने ही आदेश को (29 दिसंबर के आदेश को) एक महीने बाद 24 जनवरी, 2022 को विलोपित कर दिया।

### तीनों की नियुक्ति में तगड़ी मिलीभगत

दिलचस्प बात यह है कि नरेश कुमार पाल 31 जनवरी को रिटायर हुए और उन्होंने डेयरी फेडरेशन के नियुक्ति संबंधी आदेश को विलोपत 24 जनवरी को विलोपित कर दिया। लेकिन फेडरेशन ने जिन तीन अफसरों को 62 साल में रिटायर कर दिया, एक साल की नियुक्ति आदेश दिए, उसे न तो निरस्त किया और न ही सहकारिता रजिस्ट्रार के विलोपित आदेश का पालन किया। इसके चलते फेडरेशन और इंदौर सहकारी दूग्ध संघ समेत सभी दुग्ध संघों में चर्चा है कि तीनों की नियुक्ति में मिलीभगत तगड़ी हुई है। एमडी मप्र डेयरी फेडरेशन शमीम उद्दीन का कहना है कि सहकारिता से हुआ आदेश डिस्मिस हो गया, लेकिन शासन को फाइल गई थी। रजिस्ट्रार ने नियुक्ति के प्रावधान निरस्त किए हैं, लेकिन सेवा वृद्धि की अनुमति वापस नहीं ली। बताया जा रहा है कि इंदौर दूग्ध संघ द्वारा इंदौर क्षेत्र में ही 80 करोड़ की लागत से दूध पॉवडर बनाने का प्लांट स्थापित किया जा रहा है। साथ ही यहां 15-20 करोड़ की लागत से सांची कुकीज (बिस्किट) का प्लांट भी स्थापित किया जा रहा है।

# अपने प्लॉट को कचरा घर न बनने दें अन्यथा प्लॉट का नामांतरण होगा निरस्त : कलेक्टर

### कचरा फेंकने वालों से भी वसूला जायेगा जुर्माना

### अंतरविभागीय समन्वय बैठक में हुई स्वच्छता सर्वेक्षण की समीक्षा



ग्वालियर। ग्वालियर नगर निगम क्षेत्र में स्थित आवासीय प्लॉट में कचरा फेंकने की प्रवृत्ति को सख्ती से रोका जाए। आवासीय प्लॉट के मालिकों को साफतौर पर बता दें कि वे अपने प्लॉट को बाउण्ड्रीवॉल इत्यादि के जरिए सुरक्षित करें और प्लॉट को कचरा घर न बनने दें। यदि बार-बार सचेत करने के बाबजूद प्लॉट मालिक द्वारा सहयोग न किया जाए अर्थात प्लॉट में कचरा मिले तो ऐसे प्लॉट को नगर निगम के आधिपत्य में लेने और नामांतरण निरस्त करने की कार्रवाई की जाए। इस आशय के निर्देश कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने अंतरविभागीय समन्वय बैठक में नगर निगम के अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर श्री सिंह ने यह भी कहा कि खाली प्लॉट में कचरा फेंकने वाले लोगों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई करें और उनसे जुर्माना भी वसूला जाए। उन्होंने नगर निगम आयुक्त से कहा कि कचरा संग्रहण के लिये शहर के हर गली-मोहल्ले में कचरा संग्रहण वाहन प्रतिदिन पहुँचे। इसमें ड़िलाई सामने आने पर संबंधित कचरा वाहन चालक व अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि व्यवसायिक क्षेत्रों में दिन में दो बार, बस स्टेण्ड इत्यादि सार्वजनिक स्थलों पर हर घंटे और रिहायशी इलाकों में दिन में कम से कम एक बार झाड़ू अवश्य लगे।

बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी, अपर कलेक्टर श्री एच बी शर्मा व श्री इच्छित गड़पाले, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं सभी एसडीएम मौजूद थे।

### दुकानों के सामने कचरा मिला तो दुकानें होंगी सील

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने बैठक में जोर देकर कहा कि व्यवसायिक क्षेत्रों के दुकानदारों को साफ तौर पर ताकीद कर दें कि वे अपनी दुकानों के बाहर अनिवार्यतः डस्टबिन रखें। साथ ही ग्राहकों से कहें कि डस्टबिन में ही कचरा डालें। यदि कोई ग्राहक या राहगीर सड़क पर कचरा फेंकता मिले तो उसकी सूचना नगर निगम के अधिकारियों को दें। साथ ही उसका नाम व मोबाइल फोन नम्बर नोट की कोशिश भी करें ताकि उसके घर जाकर जुर्माना वसूल किया जा सके। कलेक्टर श्री सिंह ने स्पष्ट किया कि व्यवसायिक क्षेत्रों के जो दुकानदार डस्टबिन न रखकर सड़क पर कचरा फैलाने के लिये जिम्मेदार बन रहे हैं, उनकी दुकानें एक हफ्ते तक सील करने की कार्रवाई की जाए।

### जिला स्तरीय अधिकारी वार्ड-वार्ड में कचरा साफ करायेंगे

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने बैठक में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिस वार्ड में उनकी ड्यूटी लगी है उसमें प्रतिदिन पहुँचें और खाली प्लॉटों पर जमा कचरे को साफ करायें। उन्होंने कहा स्थानीय निवासियों एवं नगर निगम के अमले के सहयोग से इस काम को अंजाम दें। इसमें किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी।

### प्रभावी ढंग से लगाए जाएँ सुशासन शिविर

अंतरविभागीय समन्वय बैठक में कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने शहर में जोनल स्तर पर और ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम पंचायत स्तर पर प्रभावी ढंग से सुशासन शिविर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने शिविर की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। साथ ही निर्देश दिए कि प्रयास ऐसे हों कि शहर और गाँव के हर मोहल्ले के निवासियों तक शिविर की सूचना पहुँचे, जिससे वे अपनी समस्याओं का समाधान करा सकें। उन्होंने कहा कि शिविर लगाने के एक हफ्ते बाद निराकरण की सूचना देने के लिये फोलोअप शिविर भी लगाए जाएं।

### शुक्रवार तक 6500 बच्चों को प्रथम डोज के टीके लगवाने का लक्ष्य

जिले में 15 से 17 वर्ष आयु वर्ग के प्रथम डोज के कोरोना टीकाकरण से शेष सभी बच्चों को जल्द से जल्द टीके लगवाएँ।

# 7 दिन विशेष अभियान चलाकर प्रत्येक दुकान व घर में दें दस्तक, गंदगी न फैलाने की दें चेतावनीः कलेक्टर श्री सिंह



ग्वालियर। ग्वालियर शहर के सभी प्रमुख बाजारों एवं व्यावसायिक क्षेत्रों में 7 दिवस का विशेष अभियान चलाकर प्रत्येक दुकान व घर पर दस्तक दें और सभी को स्पष्ट चेतावनी दें कि सभी अच्छे और व्यवस्थित डस्टबीन रखें तथा कहीं भी गंदगी नहीं दिखनी चाहिए अन्यथा दुकान के सामने कचरा मिलने पर दुकान पर पहले जुर्माने एवं फिर दुकान को सील करने की कार्यवाही की जाएगी। उक्ताशय के निर्देश कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने सोमवार को व्यवसायिक क्षेत्रों में स्वचछता के लिए निगम के वार्ड मॉनीटरों एवं जिला स्तर के अधिकारियों व अन्य अधिकारियों की बैठक में दिए।

बालभवन के सभागार में आयोजित बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल, एसडीएम श्री प्रदीप तोमर, श्री अनिल बनवारिया, श्री सीबी प्रसाद, अपर आयुक्त श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर, श्री मुकुल गुप्ता, उपायुक्त श्री अमर सत्य गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि बाजारों में प्रत्येक दुकानदार को समझाइश दें कि वह अच्छे व व्यवस्थित डस्टबीन रखें और अपने आस-पास व सामने साफ सफाई रखें यदि दुकान के पास कचरा पाया गया तो संबंधित दुकानदार पर ही कार्यवाही की जाएगी। साथ ही नगर निगम के अधिकारी सुनिश्चित करें कि दुकानदार के डस्टबीन को खाली कराने के लिए समय पर गाडी पंहुचे, जिससे दुकानदार गाडी में ही कचरा डालें सकें।

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि अब प्रतिदिन नगर निगम के वार्ड मॉनीटर के साथ ही जिला स्तर के जो अधिकारी वार्ड मॉनीटर बनाए गए हैं अपने अपने क्षेत्र में निरंतर मॉनीटरिंग करें और स्वयं मैं भी रात में किसी भी वार्ड में निरीक्षण करुंगा जहां भी लापरवाही मिली संबंधित अधिकारी पर कार्यवाही होगी। उन्होंने कहा कि रात्रि सफाई बहुत ही अच्छी हो जिससे सुबह लोगों को साफ सफाई मिले। इसके साथ ही अन्य बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए स्वच्छता के प्रति सजगता से कार्य करने के निर्देश दिए।

## संक्षिप्त समाचार

### कछौआ के पूर्व सरपंच को जेल भेजने का वारंट जारी

### शासकीय धनराशि का दुरूपयोग करने पर हुई कार्रवाई

ग्वालियर। शासकीय धनराशि निकालकर उसका निर्माण कार्य पूर्ण कराने में उपयोग न करने अर्थात शासकीय धन का दुरूपयोग करने वाले पूर्व सरपंचों को जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। इस कड़ी में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं विहित प्राधिकारी श्री आशीष तिवारी ने पंचायत राज अधिनियम की धारा-92 के तहत जनपद पंचायत भितरवार की ग्राम पंचायत कछौआ की पूर्व सरपंच श्रीमती विमला को जेल भेजने के लिये वारंट जारी किया है। पूर्व सरपंच को 30 दिवस के लिये जेल में रखने के निर्देश भारषाधक अधिकारी अर्थात अधीक्षक केन्द्रीय कारागार को दिए गए हैं। जिला पंचायत से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत कछौआ के लिए राज्य संचालनालय से स्वीकृत सामुदायिक भवन एवं 14वाँ वित्त आयोग के तहत नाली व पुलिया निर्माण के लिए कुल 7 लाख 71 हजार रूपए की राशि मंजूर की गई थी। तत्कालीन सरपंच श्रीमती विमला द्वारा इस राशि से कार्य को न कराया जाकर लगभग 3 लाख 86 हजार रूपए की राशि अनाधिकृत रूप से अपने पास रखकर उसका दुरूपयोग किया गया है। ग्राम पंचायत कछौआ की सरपंच श्रीमती विमला के विरूद्ध मध्यप्रदेश पंचायतीराज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 92 के अंतर्गत वसूली का प्रकरण पंजीबद्ध कर उक्त राशि चुकाने हेतु युक्तियुक्त समय दिया गया। किंतु उन्होंने रकम नहीं चुकाई। प्रकरण में अधिनियम की धारा 89 अंतर्गत प्राप्त जांच प्रतिवेदन अनुसार दोषी साबित होने के कारण विचार उपरांत अंतिम आदेश पारित कर 15 दिवस में रकम शासकीय कोष में जमा करने के लिए आदेशित किया गया था, किंतु पूर्व सरपंच द्वारा राशि जमा नहीं कराई गई।

# अटल जी के जीवन से जुड़ी स्मृतियों की पिक्चर गैलरी तैयार....स्मार्ट सिटी द्वारा गोरखी स्कूल में बनाया जा रहा है अटल म्यूजियम

### तस्वीरों से सजीव हुईं अटल जी की स्मृतियाँ



ग्वालियर। प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की यादों को संजोने के लिए गोरखी स्कूल परिसर में स्मार्ट म्यूजियम का काम तेज गति से प्रगतिरत है। म्यूजियम में बनने वाली आधा दर्जन गैलरी में अटल जी के सम्पूर्ण जीवन से जुड़े विभिन्न पहलुओं को स्मार्ट तरीके से संजोया जाएगा। इसी क्रम में म्यूजियम में अटल जी की स्मृति को संजोए चित्रों की गैलरी का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इस गैलरी में अटल जी के पूरे जीवन के अलग अलग पहलुओं को तस्वीरों के माध्यम से सुंदर रूप में प्रस्तुत किया गया है। ग्वालियर स्मार्ट सिटी सीईओ श्रीमती जयति सिंह नें जानकारी देते हुए बताया कि अटल जी को समर्पित अटल म्यूजियम का कार्य तेज गति से प्रगतिशील है जहां एक और गोरखी स्कूल के एक ब्लॉक को अटल म्यूजियम के रूप में बिल्डिंग की ऐतिहासिकता को सजोते हुए विकसित किया जा रहा है तो वही स्मार्ट सिटी का प्रयास है कि अटल जी की स्मृतियों को बड़ी संख्या में म्यूजियम के लिए एकत्रित किया जाए ताकि अटल म्यूजियम को भव्यता प्रदान की जा सके। श्रीमती सिंह ने बताया कि म्यूजियम में अटल जी की स्मृतियों को सजोते हुए एक पिक्चर गैलरी तैयार हो चुकी है और म्यूजियम के अन्य कार्य भी तेजगति से प्रगतिरत है और जल्द ही शहरवासी अटल जी की स्मृतियों को इस संग्रहालय के माध्यम से देख सकेंगे। इस गैलरी में अटल जी की वैश्विक दौरों, विशेष के अग्रणी नेताओं से मुलाक़ात, उनके जीवनकाल से जुड़ी महत्वपूर्ण घटनाओं को क्रमबद्ध तरीक़े से दर्शाया गया है।

# दिगंबर और श्वेतांबर मुनिराजों का भव्य मिलन हुआ

### पुण्योदय से मनुष्य जीवन मिला है तो उसका सदुपयोग करेंः मुनिश्री विहर्ष सागर

### मुनिश्री को समाजजनों ने जिनवाणी शास्त्र भेंट किया



ग्वालियर। जो मन से भगवान की भक्ति करता है उसके सभी संकट दूर हो जाते हैं। यह मनुष्य जीवन सिर्फ पैसे कमाने के लिए और परिवार को पालने के लिए नहीं मिला है। जितनी भगवान की आराधना बन सके उतनी करना चाहिए।पुण्योदय से मनुष्य जीवन मिला है तो उसका सदुपयोग करें। दान धर्म करने वाला सुख-शांति को प्राप्त करता है।यह विचार वात्सल्य सरोवर राष्ट्रसंत मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज ने आज सोमवार को नई सड़क स्थित चंपाबाग धर्मशाला में संबोधित करते हुए कही।

मुनिश्री ने कहा कि सत्संग मोक्षमार्ग की प्रथम सीढ़ी है। जो व्यक्ति साधु-संतो के संपर्क में रहता है वह अनेक बुराईयों से बच जाता है। जिसके जीवन में दया रहती है वह दूसरों की पीड़ा को भी अपनी पीड़ा समझता है। दया को धर्म की मूल जड़ कहा गया है। सभी जीवों के प्रति दया भाव रखने वाला सम्मान पाता है। क्रोध न करने वाला और सबसे मीठा बोलने वाला सदैव सम्मान पाता है। जब कभी हमें क्रोध आए तो उस स्थान को ही छोड़ देना चाहिए। क्रोधी व्यक्ति को जगह-जगह तिरस्कार मिलता है। जीवन में यदि हम दूसरों के लिए कुछ करते हैं तो ही हमारा जीवन सफल माना जाएगा। अपने लिए तो सभी जीते हैं दूसरों के लिए जीने वाला महान बनता है।






# जैन मिलन महिला महानगर ने दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया

### जैन मिलन महानगर के दंत शिविर में 125 लोगो का परीक्षण किया



ग्वालियर। जैन मिलन महिला महानगर के तत्वावधान में आज सोमवार को हनुमान चौहरे स्थित जैन डेंडल क्लिनिक पर दंत परीक्षण शिविर का भव्य आयोज किया गया। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि दंत शिविर का शुभारंभ भगवान महावीर स्वामी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन जैन मिलन के राष्टीय वरिष्ठ राष्टीय उपाध्यक्ष प्रवीण गंगवाल, राष्टीय मासिक मिलन चेयरमैन निर्मल पाटनी, क्षेत्रीय धार्मिक समिति सदस्य अनूप सोगानी, क्षेत्रीय कार्य सेवा चेयरमैन मंजू पाटनी, क्षेत्रीय धार्मिक समिति सदस्य पूर्व अध्यक्ष अंजू जैन, अनीता जैन क्षेत्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष निर्मल जी जैन क्षेत्रीय संयोजिका रेखा जी जैन ने सामूहिक रूप से किया। अतिथियो का स्वागत संस्था की अध्यक्ष रेनू पाटनी सचिव दीपिका जैन एवं कोषाध्यक्ष ममता जैन ने तिलक लगकर किया। इस मौके पर नमिता पाटनी, रक्षा पाटनी रितु पाटनी नीतू जैन अमिता गोधा सुनीता ममता पांडेय, पायल, मीनू जैन, संगीता बड़जात्या दीपिका जैन आदि ने उपस्थित थी। जैन क्लिनिक पर डॉ अमित जैन ने 125 लोगों का परीक्षण कर उन्हें ने दांतो सही सफाई रखने का प्रशिक्षण दिया। डॉ अमित जैन ने कहा की हम लेडीजो में मोनोपॉज के समय कैल्शियम की बहुत कमी हो जाती है जिससे हमारी हड्डियों में दर्द मसूड़ों में दर्द एवं अन्य कई परेशानियां उत्पन्न हो जाती है।

# व्यापारियों के लिये रेपिड एक्शन ग्रुप बनाया

### कैट की कोर ग्रुप बैठक में श्री ललित जैन को किया सम्मानित

### 13 मार्च को होगा होली मिलन समारोह



ग्वालियर। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ग्वालियर के कोर ग्रुप की बैठक प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन के मुख्य आतिथ्य एवं जिला अध्यक्ष रवि गुप्ता की अध्यक्षता में होटल क्लार्क-इन में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने कैट की गतिविधियों के संचालन के लिये महत्वपूर्ण सुझाव दिये एवं स्वयं जिम्मेदारी लेने की बात की।

जिला संयोजक दीपक पमनानी, महामंत्री मुकेश जैन, कोषाध्यक्ष जे.सी.गोयल संयुक्त सचिव मयूर गर्ग ने बताया कि कैट सदस्यों ने व्यापारिक एवं औद्योगिक साथियों के लिये एक रेपिड एक्शन ग्रुप बनाया गया है। इस ग्रुप में किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त होने पर ग्रुप के सदस्य व्यापारी की समस्या के समाधान के लिये अथवा उसके सहयोग के लिये उसकी फर्म पर पहुंचेगे।

कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने सोशल मीडिया एवं प्रैस मीडिया के लिये शहर में सराहनीय कार्य करने हेतु श्री ललित जैन भारती को सम्मानित किया और 13 मार्च को कैट के सदस्यों की उपस्थिति में होली मिलन समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया, इसके लिये श्री विवेक जैन को संयोजक नियुक्त किया गया। कैट विजनिस ग्रुप के नाम से व्यापारिक एवं औघोगिक संगठनों के अध्यक्ष सचिव को लेकर नया ग्रुप गठित किया है और इसका संयोजक लोहा व्यवसाई संघ के अध्यक्ष एवं कैट के उपाध्यक्ष श्री संजय कटठल को बनाया गया है।

बैठक में उपस्थित श्रीमती कविता जैन, श्रीमती रीना गांधी, श्रीमती निधी अग्रवाल, तालिब भाई, विवेक मिश्रा, राजेश बनवारी, अजय मंगल, अमीश मलिक, धनवन्त अग्रवाल, हरिओम चौरसिया, जय संचेती, क्रान्ति मिलन, महेश गर्ग, मनोज चौरसिया, मयूर गर्ग, नीरज चौरसिया, राघवेन्द्र सिंघल, राजेश गुप्ता, राजेश जैन, सतीश अग्रवाल, श्रीमती साधना शाडिल्य, समीर अग्रवाल, अभिषेक गोयल, शिव भाटिया, अजय चौपडा, अजय मेहता, दिलीप पंजबानी, पुरूषोत्तम जैन, राहुल अग्रवाल, विकास हरलालका, उदित चतुर्वेदी, विनोद अग्रवाल, विवेक सेठी ने अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिये जिसके अनुसार कैट टीम ग्वालियर भविष्य मे सकारात्मक कार्य करेगी। कैट के कौर ग्रुप में श्री उमेश अग्रवाल, अनमोल अग्रवाल, संजय जैन, निरूपमा मालपानी, राकेशबाबू शर्मा, हरिओम चौरसिया, आशीष कालानी, रानी गुप्ता को सदस्य नामांकित करते हुये कैट की

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478